Library

वार्षिक प्रतिवेदन
2005–2006

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्
आयुष विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

विषय–सूची

विषय	पृष्ठ संख्या
प्राक्कथन	1
उद्देश्य	3
प्रशासनिक प्रतिवेदन	
• के.हो.अ.प. का संगठनात्मक ढांचा	7
• शासी निकाय	9
• स्थायी वित्त समिति	11
• वैज्ञानिक सलाहकार समिति	11
• औषध मानकीकरण के लिए उप–समिति	12
• नैदानिक अनुसंधान के लिए उप–समिति	13
• होम्योपैथिक रोगोत्पादक परीक्षण (औषध प्रमाणन) पर उप–समिति	14
• परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति का प्रतिनिधित्व	15
• बजट प्रावधान	15
तकनीकी प्रतिवेदन	
• नैदानिक अनुसंधान (भाग–I) और (भाग–II)	21
• प्राकृतिक आपदाओं/महामारियों में चिकित्सा राहत	94
• नैदानिक सत्यापन अनुसंधान	99
• औषध प्रमाणन अनुसंधान	135
• औषध मानकीकरण	139
• औषधीय पादपों का सर्वेक्षण, संग्रहण और खेती करना	143
• सहयोगात्मक अध्ययन	149
– अन्तर्राष्ट्रीय	
– भारत में अनुसंधान अध्ययन	
• प्राकारबाह्य अनुसंधान योजना	155
प्रकाशन	159
प्रलेखन तथा पुस्तकालय	160
विविध	
• समितियों की बैठकें	163
• कार्यशालाएं/संगोष्ठियां/अभिमुखीकरण कार्यक्रम	164
• स्वास्थ्य मेले/प्रदर्शनियां	165
के.हो.अ.प. के अधीन संस्थान/इकाइयां	167
संकेताक्षर	169
वित्तीय विवरण	173

प्राक्कथन

होम्योपैथी में अनुसंधान को सरल और कारगर बनाने के लिए, भारत सरकार द्वारा सुनियोजित और व्यवस्थित अनुसंधान की आवश्यकता प्रबलता से महसूस की गई थी । इसके परिणामस्वरूप, आयुर्वेद और सिद्धा, यूनानी औषध, योग और प्राकृतिक चिकित्सा तथा होम्योपैथी में अनुसंधान करने के लिए सन् 1969 में केन्द्रीय भारतीय औषध और होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् (सी.सी.आर.आई.एम.एच.) की स्थापना की गई थी । केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् (सी.सी.आर.एच.) का औपचारिक गठन 30 मार्च, 1978 को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में एक स्वायत्त संगठन के रूप में किया गया था । तथापि, जनवरी 1979 में ही परिषद् ने एक स्वतंत्र संगठन के रूप में कार्य करना आरंभ किया ।

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् देश में होम्योपैथी में व्यवस्थित अनुसंधान के कार्य में लगी एक शीर्ष संगठन है । यह देश के विभिन्न भागों में स्थित 37 संस्थानों और इकाइयों के एक नेटवर्क के माध्यम से अपने उद्देश्यों को पूरा करती है । यह केन्द्र होम्योपैथी के अनेक पहलुओं में अनुसंधान करते है । अनुसंधान के प्रमुख क्षेत्र हैं : नैदानिक अनुसंधान, औषध प्रमाणन, नैदानिक सत्यापन, औषध मानकीकरण और औषधीय पादयों का सर्वेक्षण, संग्रहण और पोषण ।

परिषद् ने सामान्य और जनजातीय क्षेत्रों में, अपने संस्थानों और इकाइयों को सौंपे गए 33 रोगों पर नैदानिक अनुसंधान के कार्य को पूरा कर लिया है । अपने औषध प्रमाणन कार्यक्रम के अंतर्गत इसने नई औषधियों, विशेष रूप से देशी मूल की औषधियों, के प्रमाणन में कुछ महत्वपूर्ण उपलब्धियां प्राप्त की हैं और 71 औषधियों पर काम को पूरा किया है । अपने औषध मानकीकरण कार्यक्रम के अंतर्गत परिषद् ने होम्योपैथी में इस्तेमाल की गई 227 औषधियों पर औषध प्रभाव विज्ञान अध्ययन, 205 औषधियों पर भौतिक–रसायन अध्ययन और 124 औषधियों पर औषध निर्माण विज्ञान संबंधी अध्ययन भी पूरे कर लिये हैं । 55 औषधियों का नैदानिक सत्यापन पूरा कर लिया गया है और तैयार किए गए रोग सूचक आंकड़े, व्यवसाय के लाभ के लिए प्रकाशित कर दिए गए हैं ।

परिषद् ने, व्यवसाय के लाभ के लिए चिकित्सा सार और वर्तमान स्वास्थ्य साहित्य जागरूकता सेवा के अलावा अब तक सी.सी.आर.एच. के तिमाही बुलेटिनों के 27 खण्ड, सी.सी.आर.एच. न्यूज के 36 अंक, विभिन्न रोगों पर 24 हैंड–आउट/फोल्डर, 08 बिना मूल्य वाली पुस्तकें और 23 समूल्य पुस्तकें प्रकाशित की हैं और आम जनता की सूचना के लिए दो वीडियो फिल्में अर्थात 'मैजिक ऑफ टाइनी ग्लॉब्यूल्स' और 'होम्योपैथी : मिथ्स एण्ड फैक्ट्स' तैयार की हैं ।

वर्ष 2005–2006 में परिषद् का वास्तविक व्यय, योजनागत के अंतर्गत 905.55 लाख रूपये और गैर–योजनागत के अंतर्गत 550.03 लाख रूपये था ।

मुझे, वर्ष 2005–2006 की परिषद् की वार्षिक रिपोर्ट जिसमें इस अवधि के दौरान इसके कार्यकलापों को दर्शाया गया है, प्रस्तुत करने में प्रसन्नता हो रही है ।

च. नायक

प्रोफेसर सी. नायक

निदेशक

उद्देश्य

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् की स्थापना 30 मार्च, 1978 को सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन अधिनियम, 1860 का **XXI** के अंतर्गत निम्नलिखित मुख्य उद्देश्यों से की गई थी :

- होम्योपैथी में कोई अनुसंधान या अन्य कार्यक्रम शुरू करना।
- होम्योपैथी में अनुसंधान से संबंधित सूचना का प्रसार करना और जानकारी का प्रचार करना।
- रोगों के कारणों, फैलने के तरीके, निवारण और उपचार के संबंध में प्रयोगात्मक उपाय प्रारंभ करना।
- होम्योपैथी के विभिन्न पहलुओं–मूलभूत एवं अनुप्रयुक्त में, वैज्ञानिक अनुसंधान प्रारंभ करना, उसमें सहायता, विकास और समन्वय करना।
- सी.सी.आर.एच. के उद्देश्यों के समान उद्देश्यों में रूचि रखने वाले अन्य संस्थानों, एसोसिएशनों, समितियों के साथ सूचना का आदान प्रदान करना।

प्रशासनिक प्रतिवेदन

संगठनात्मक ढांचा

परिषद् 37 इकाइयों/संस्थानों का एक नेटवर्क था जिसमें देश के विभिन्न भागों में 11 इकाइयां जनजातीय क्षेत्रों में स्थित थी।

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान	1	कोट्टायम (केरल)
होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान	1	लखनऊ (उ.प्र.)
क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान	8	नई दिल्ली, पुरी (उड़ीसा), जयपुर (राजस्थान), मुंबई (महाराष्ट्र), गुडिवाड़ा (आंध्र प्रदेश), इम्फाल (मणिपुर), गुवाहाटी (असम), शिमला (हि.प्र.)
नैदानिक अनुसंधान इकाइयां (होम्यो.)	6	भोपाल (म.प्र.), गुड़गांव (हरियाणा), उडुपी (कर्नाटक), पोर्ट ब्लेयर (अंडमान एवं निकोबार), तिरुपति (आ.प्र.), चेन्नई (तमिलनाडु),
नैदानिक अनुसंधान इकाइयां (जनजातीय क्षेत्र)	11	अगरतला (त्रिपुरा) एजावल (मिजोरम), भरौच (गुजरात), दीमापुर (नागालैंड), गंगटोक (सिक्किम), ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश), जगदलपुर (छत्तीसगढ़), पांडिचेरी, रांची (झारखण्ड), शिलांग (मेघालय), सिलिगुड़ी (प.बंगाल)
औषध प्रमाणन अनुसंधान इकाइयां	3	कोलकाता (प.बंगाल) मिदनापुर (प.बंगाल), गाजियाबाद (उ.प्र.),
औषध मानकीकरण इकाइयां	2	गाजियाबाद (उ.प्र.) हैदराबाद (आ.प्र.)
नैदानिक सत्यापन इकाइयां	3	गाजियाबाद (उ.प्र.) पटना (बिहार), वृंदावन (उ.प्र.)
औषधीय पादपों का सर्वेक्षण एवं संग्रहण इकाई	1	उढगामंडलम (तमिलनाडु)
होम्योपैथिक उपचार केन्द्र (एच.टी.सी)	1	सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली



शासी निकाय

के.हो.अ.प. के शासी निकाय का पुनर्गठन 1 अक्तूबर, 2003 को तीन वर्षों के लिए किया गया था। तत्कालीन स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा (केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली के अध्यक्ष की हैसियत से) संघ के ज्ञापन और नियमावली के नियम 19 के अंतर्गत प्रदत्त अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए शासी निकाय में नामांकन किए गए थे। पुनर्गठित शासी निकाय के सदस्य निम्नलिखित हैं :

1.	केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री, निर्माण भवन, नई दिल्ली ।	अध्यक्ष
2.	केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री, निर्माण भवन, नई दिल्ली ।	उपाध्यक्ष–I (सरकारी)
3.	डा. जुगल किशोर, 86 गोल्फ लिंक्स, नई दिल्ली–110003	उपाध्यक्ष–II (गैर–सरकारी)

सरकारी सदस्य

4.	सचिव (आयुष), आयुष विभाग, रैड क्रास रोड, नई दिल्ली।	सदस्य
5.	अपर सचिव (वित्तीय सलाहकार), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, निर्माण भवन, नई दिल्ली।	सदस्य
6.	संयुक्त सचिव (आयुष) आयुष विभाग, रैड क्रास रोड, नई दिल्ली।	सदस्य

गैर–सरकारी सदस्य

7.	डा. जनार्दन रेड्डी प्रोफेसर तथा अपर निदेशक (सेवानिवृत), आंध्र प्रदेश सरकार, म.न. 3–5–199/ए 15, गली नं. 5, नारायणगुडा, एस.बी.एच., हिमायत नगर लेन, हैदराबाद।	सदस्य
8.	डा. बी.एन. सिंह प्रधानाचार्य नेशनल होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज, 1, विराज खंड, गोमती नगर, लखनऊ।	सदस्य

9. डा. कल्याण बनर्जी
1–1691, चित्तरंजन पार्क,
नई दिल्ली–110019. — सदस्य

10. डा. वी.के. चौहान,
बी–6/8, सफदरजंग एनक्लेव,
एन.सी.सी. कार्यालय के निकट,
नई दिल्ली–110029. — सदस्य

11. डा. अरूण बी. जाधव
प्रधानाचार्य
होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल,
भारती विद्यापीठ, कटराज, धनकावाडी,
पुणे–411013. — सदस्य

12. प्रोफेसर एम. प्रभाकर, पीएच.डी.
म.न. 6–4–361/26/ए,
अंजनेय स्वामी कालोनी,
भोलाशपुर, सिकन्दराबाद । — सदस्य

13. प्रोफेसर वाई.के. गुप्ता, एम.डी.,
विभागाध्यक्ष (भेशज गुण विज्ञान),
अ.भा.आ. संस्थान, अंसारी नगर,
नई दिल्ली । — सदस्य

14. डा. वी.जी.आर. शास्त्री,
बी–23 (डी–प्र टाइप फ्लैट),
मोती बाग–I, नई दिल्ली । — सदस्य

15. निदेशक,
राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान,
ब्लॉक जी.ई., सैक्टर– III, साल्ट लेक सिटी,
कोलकाता, पश्चिम बंगाल–700 106. — सदस्य

16. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य–सचिव

शासी निकाय, परिषद् के मामलों का प्रबंधन करती है, की गई प्रगति की समीक्षा करती है तथा वैज्ञानिक सलाहकार समिति/स्थायी वित्त समिति द्वारा संस्तुत नई योजनाओं/प्रस्तावों और परिषद् के बजट का अनुमोदन करती है।

स्थाई वित्त समिति

1. संयुक्त सचिव (आयुष), — सभापति
आयुष विभाग,
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
रैड क्रास रोड,नई दिल्ली।

2. संयुक्त सचिव (वित्तीय सलाहकार), — सदस्य
स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय,
निर्माण भवन, नई दिल्ली।

परिषद् के अध्यक्ष द्वारा नामित — सदस्य
शासी निकाय के दो गैर–सरकारी सदस्य

3. डा. कल्याण बनर्जी — सदस्य
1–1691, चित्तरंजन पार्क,
नई दिल्ली–110019.

4 डा. जनार्दन रेड्डी — सदस्य
प्रोफेसर तथा अपर निदेशक (सेवानिवृत),
आंध्र प्रदेश सरकार,
म.न. 3–5–199/ए 15, गली नं. 5,
नारायणगुडा, एस.बी.एच., हिमायत नगर लेन,
हैदराबाद।

5. निदेशक, — सदस्य–सचिव
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली।

वैज्ञानिक सलाहकार समिति

के.हो.अ.प. के शासी निकाय के अध्यक्ष की हैसियत से माननीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री द्वारा परिषद् की वैज्ञानिक सलाहकार समिति की 13 अगस्त, 2002 को तीन वर्ष के लिए किए गए गठन की अवधि 12 अगस्त, 2005 को समाप्त हो गई । वैज्ञानिक सलाहकार समिति के सदस्य निम्नलिखित थे :

1. डा. दीवान हरीश चन्द, — सभापति
1, हनुमान रोड,
नई दिल्ली।

2. डा. डी.पी. रस्तोगी — सदस्य
ई–1/बी 7, अलकनंदा
शापिंग काम्पलैक्स,
नई दिल्ली।

3. डा. वी.के. गुप्ता,
सी–3/29, राजौरी गार्डन,
नई दिल्ली–110027. — सदस्य

4. डा. वी.के. चौहान,
एसोशिएट प्रोफेसर,
नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज तथा अस्पताल,
बी–ब्लॉक, डिफैन्स कालोनी,
नई दिल्ली। — सदस्य

5. डा. आर.पी. पटेल,
हनीमैन हाऊस, कॉलेज रोड,
कोट्टायम, (केरल)–686001. — सदस्य

6. डा. गिरीश गुप्ता,
गौरंग क्लीनिक एवं होम्योपैथिक
अनुसंधान केन्द्र, बी–1/16, सेक्टर–ए,
कपूरथला, अलीगंज, लखनऊ, उत्तर प्रदेश। — सदस्य

7. डा. कुमार धावले,
मनीषा, 285–ए, पांचवी रोड,
चैम्बूर, मुम्बई–400071. — सदस्य

8. डा. जनार्धन रेड्डी,
मकान नं. 3–5–199/ए–15,
गली नं. 5, नारायणगुडा, एस.बी.एच.,
हिमायत नगर लेन, हैदराबाद (आन्ध्र प्रदेश)। — सदस्य

9. निदेशक,
केन्द्रीय हौम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य–सचिव

औषध मानकीकरण के लिए विशेष समिति

1. डा. के.पी. मजूमदार,
विवेक 105–टी.पी.एस. III, चोदहवीं रोड,
बान्द्रा, मुम्बई–400050. — सभापति

2. डा. मीनाती नन्दी,
भेषज गुण विज्ञान विभाग,
राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान,
सेक्टर–III, साल्ट लेक सिटी,
कोलकाता। — सदस्य

3. डा. ए.के. बासु,
22/1 (पी 177) रुबी पार्क ईस्ट,
पोस्ट ऑफिस हाल्तू, कोलकाता–700078 — सदस्य

4. निदेशक,
सी.आई.एम.ए.पी.,
पोस्ट ऑफिस सी.आई.एम.ए.पी.,
लखनऊ–226015 या उसका प्रतिनिधि। — सदस्य

5. निदेशक,
होम्योपैथिक भेषज अभिज्ञान प्रयोगशाला,
सी.जी.ओ. कॉम्पलैक्स, हापुड चुंगी रोड,
गाजियाबाद। — सदस्य

6. डा. एस.पी. सिंह,
सलाहकार (होम्यो.),
आयुष विभाग, रैड क्रास बिल्डिंग,
रैड क्रास रोड, नई दिल्ली। — सदस्य

7. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्
नई दिल्ली। — सदस्य–सचिव

नैदानिक अनुसंधान के लिए विशेष समिति

1. डा. दीवान हरीश चन्द,
1, हनुमान लेन,
नई दिल्ली–110 001. — सभापति

2. डा. आर.पी. पटेल,
हनीमैन हाऊस, कॉलेज रोड,
कोट्टायम, (केरल)–686 001. — सदस्य

3. डा. कुमार धावले,
मनीषा, 285–ए, पांचवी रोड,
चैम्बूर, मुम्बई–400 071. — सदस्य

4. डा. वी.टी. अगस्टीन,
401, मंदाकिनी एनक्लेव,
अलकनंदा, नई दिल्ली–110 019. — सदस्य

5. डा. ईश्वर दास,
उप सलाहकार (होम्यो.)
आयुष विभाग, रैड क्रास बिल्डिंग,
रैड क्रास रोड, नई दिल्ली। — सदस्य

6. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य–सचिव

होम्योपैथिक रोगोत्पादक परीक्षण (औषध प्रमाणन) पर विशेष समिति

1. डा. जुगल किशोर,
86, गोल्फ लिंक्स,
नई दिल्ली–110 003. — सभापति

2. डा. वी.के. गुप्ता,
सी–3/29, राजौरी गार्डन,
नई दिल्ली–110 027. — सदस्य

3. डा. वी.के. खन्ना,
प्रधानाचार्य,
नेहरू होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज व अस्पताल,
बी–ब्लॉक, डिफैन्स कालोनी, नई दिल्ली–110 024. — सदस्य

4. डा. एस.के. तिवारी,
प्रधानाचार्य,
फादर मूलर होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज,
कान्कानाडी, मैंगलौर–575 002. — सदस्य

5. डा. अशोक दास,
एसोशिएट प्रोफेसर,
राष्ट्रीय होम्योपैथी संस्थान,
सैक्टर–III, साल्ट लेक सिटी,
कोलकाता–700 106 — सदस्य

6. निदेशक,
केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद्,
नई दिल्ली। — सदस्य–सचिव

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों का प्रतिनिधित्व एवं उनके लिए कल्याणकारी उपाय :

परिषद् की सेवाओं में अनुसूचित जाति/जनजाति के आरक्षण तथा प्रतिनिधित्व के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय–समय पर जारी किए गए आदेशों एवं मार्ग–निर्देशों का पालन परिषद् कर रही है। दिनांक 31.3.2006 को यथास्थिति परिषद् में स्वीकृत पदों, भरे गए पदों की संख्या और कार्यरत अनु.जा./अनु.ज.जा. तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के कर्मचारियों की संख्या निम्नलिखित थी :

समूह	स्वीकृत पदों की संख्या	भरे गए पदों की संख्या	अ.जा.	अ.ज.जा.	अन्य पिछड़ा वर्ग
क	135	123	27	02	13
ख	08	07	–	–	–
ग	187	177	32	07	26
घ	110	103	28	14	08

बजट

निम्नलिखित सारणी परिषद् के वर्ष 2005–06 के बजट को दर्शाती है:

	बजट अनुमान 2005–06 (लाख रू. में)	संशोधित अनुमान 2005–06 (लाख रू. में)	वास्तविक व्यय' 2005–06 (लाख रू. में)
योजनागत	1100.00	910.00	905.55
गैर–योजनागत	490.00	500.00	550.00
कुल	**1590.00**	**1410.00**	**1455.58***

*इसमें प्राप्तियों का उपयोग तथा पेशगियों का समायोजन शामिल है।

तकनीकी प्रतिवेदन

नैदानिक अनुसंधान

1. नैदानिक अनुसंधान

होम्योपैथी में नैदानिक अनुसंधान, औषध प्रमाणन का अनुपूरक होता है और स्वस्थ मानवों पर औषध प्रमाणन के दौरान संगृहित आंकड़ों की नैदानिक वैधता स्थापित करने में इसकी दीर्घकालिक भूमिका होती है । नैदानिक अध्ययन, विशिष्ट रोग अवस्थाओं में औषध पदार्थों की चिकित्सीय उपयोगिता के मूल्यांकन को भी सुसाध्य बनाते हैं जिससे उनके उचित और इश्टतम चिकित्सीय इस्तेमाल को प्रोत्साहन मिलता है । संक्षेप में, मरीजों की किसी लक्षित जनसंख्या पर नैदानिक अध्ययन, चिकित्सीय एजेंटों के विकास का एक अभिन्न अंग हैं । इसलिए परिषद् ने, राष्ट्रीय स्वास्थ्य के महत्व के रोगों अर्थात फाइलेरिया, एच.आई.वी. / एड्स, मलेरिया, कैंसर आदि की कुछ रोग अवस्थाओं में और देश के विभिन्न भागों में आम रोगों में भी होम्योपैथिक औषधियों के नैदानिक मूल्यांकन पर उचित जोर दिया है । अक्तूबर 2005 से, 1 केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, 8 क्षेत्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थानों, 1 होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, 6 नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (सामान्य क्षेत्रों में), 11 नैदानिक अनुसंधान इकाइयों (जनजातीय क्षेत्रों में) और सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली के 1 होम्योपैथिक चिकित्सा केन्द्र तथा 2 औषध मानकीकरण इकाइयों, जिनमें सामान्य और जनजातीय क्षेत्र दोनों शामिल हैं, में नैदानिक अनुसंधान अध्ययन किए गए । इसलिए वर्ष 2005–06 का वार्षिक प्रतिवेदन दो भागों में संकलित किया गया है । भाग–1 में, अप्रैल, 2005 और अगस्त, 2005 से सामान्य क्षेत्रों में चल रहे निम्नलिखित 23 नैदानिक अध्ययनों के संबंध में आंकड़े दिए गए हैं :

1.
2. मानसिक रोग (व्यवहार विकृति रोग)
3. श्वसनीशोथ
4. गर्भाश्य ग्रीवा शोथ एवं अपरदन
5. संक्रमणीय रोग (औषध प्रतिरोधी क्षयरोग)
6. मधुमेह मेलीटस (एनआईडीडीएम)
7. तंत्रिका–रोग सहित मधुमेह फुट
8. मिरगी रोग (अपस्मार)
9. अमाशय शोथ
10. वृद्धावस्था विकृति
11. जियार्डियासिस
12. एच.आई.वी. / एड्स
13. सविरामी ज्वर
14. उत्तेजनशील आन्त्र सिंड्रोम
15. कुष्ठ रोग
16. श्वेत कुष्ठ (त्वचा विकृति)
17. अस्थि संधिशोथ
18. बाल रोग की समस्याएं
19. परिदंत शोथ
20. मूत्रांग में पथरी
21. सिक्कल सैल एनिमिया
22. त्वचा विकृतियां (खारिश)
23. उष्ण कटिबंधीय इओसिन रागी कौशिका बहुलता ऊपरी श्वासनली संक्रमण (यू.आर.टी.आई.)

प्रगति के मूल्यांकन का मानदंड

रोगियों की प्रगति के नैदानिक मूल्यांकन के लिए अपनाया गया मानदंड, अन्यथा विनिर्धारित किए गए रोगियों के अलावा, नीचे दिया गया है ।

- अरोग्यता : रोग के लक्षणों और चिन्हों का पूरी तरह निराकरण और उसके पश्चात रोग के स्वरूप (रोग के तीव्र / दीर्घकालिक / नैसर्गिक प्रगति) पर निर्भर करते हुए एक सप्ताह से तीन वर्ष तक की अवधि के लिए बीमारियों का दुबारा न होना ।
- सुधार
  - अति सुधार : रोग के लक्षणों और चिन्हों का पूरी तरह निराकरण ।
  - मध्यम सुधार : रोग के लक्षणों रोगलक्षणों का पूरी तरह निराकरण और चिन्हों में आंशिक राहत ।
  - अल्प सुधार : रोग के लक्षणों और चिन्हों में आंशिक राहत ।
  - सुधार नहीं : काफी समय तक उपचार करने के पश्चात कोई अनुक्रिया नहीं ।
  - उग्रता : रोग के लक्षणों और चिन्हों में वृद्धि ।
  - असूचित : पहले, दूसरे या तीसरे आगमन के पश्चात मरीज वापस सूचना नहीं देता।
- अनउपचारार्थ : मरीज परियोजना की अपेक्षिता को पूरा नहीं करते या इलाज करने वाला चिकित्सक, वैध कारणों से मरीज को अध्ययन के अधीन नहीं रखना चाहता ।
- उपचाराधीन : मरीज की स्थिति अस्थिर रहती है ।
  या
  मरीज रिर्पोटिंग वर्ष के अंतिम दिनों में आता है ।

इन निष्कर्षों का सकारात्मक लाभ यह है होम्योपैथी चिकित्सकों के पास अब मरीजों का इलाज करते समय, प्रमाण देने के लिए प्रमाणित रोगसूचक लक्षणों वाली होम्योपैथिक औषधियों कम संख्या में है । आरंभिक अध्ययनों के परिणामों और विशिष्ट नैदानिक अवस्थाओं में होम्योपैथिक औषधियों के छोटे समूह के रोगसूचक लक्षण के आधार पर परिषद् ने, अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एम.आर.), राष्ट्रीय संक्रमणीय रोग संस्थान (एन.आई. सी.डी.), राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एन.ए.सी. ओ.) के संबंधित क्षत्रों के विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित होम्योपैथिक शिक्षकों तथा अनुसंधानकर्ताओं के परामर्श से तैयार किए संलेखों पर, औषधियों के छोटे समूह, की चिकित्सीय उपयोगिता सुनिश्चित करने के लिए 18 बहु–केन्द्रिक अध्ययन आरंभ किए हैं ।

भाग–II, अक्तूबर 2005 और मार्च, 2006 के बीच प्राप्त नए अध्ययनों के अनुसंधान आंकड़ों से संबंधित है । अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, (एम्स), भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद् (आई.सी.एम.आर.), राष्ट्रीय संक्रमणीय रोग संस्थान (एन.आई.सी.डी.), राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन (एन.ए.सी.ओ.) के विशेषज्ञ सलाहकारों और प्रतिष्ठित होम्योपैथिक शिक्षकों तथा अनुसंधानकर्ताओं के परामर्श से प्रतिपादित संलेखों पर अक्तूबर, 2005 में नए अध्ययन आरंभ किए गए थे । नियंत्रण के बाहर के

कारणों जैसे संबंधित विद्या विशेष में सलाहकारों की पहचान और नियुक्ति तथा नैदानिक–अध्ययनों में से प्रत्येक के लिए संलेख में यथा निर्धारित प्रयोगशाला संबंधी जांचों की आउटसोर्सिंग, से नए नैदानिक अध्ययन आरंभ करने में कुछ अनभिप्रेत विलंब हुआ है । इनसे संबंधित प्रस्तावों का अनुमोदन दिनांक 28 सितंबर, 2005 को हुई शासी निकाय की 15वीं बैठक (अनुमोदित कार्यवृत्त फरवरी, 2006 में प्राप्त हुआ) में उसके द्वारा किया गया । इस प्रकार सलाहकारों की नियुक्ति और प्रयोगशाला संबंधी जांचों की आउटसोर्सिंग केवल मार्च, 2006 में की जा सकी । इसलिए रिपोर्ट के अधीन वर्ष में सृजित और भाग–II में प्रस्तुत किए गए आंकड़े, नैदानिक अध्ययनों में नामांकन के लिए विशयों की जांच करने से संबंधित हैं ।

18 नए संलेखों पर नैदानिक अध्ययन, पहले ही आरंभ किए जा चुके हैं और स्वापक की लत छुड़ाने का संलेख, सोसायटी ऑफ यूथ फॉर प्रमोशनल मास (एस.वाई.पी.एम.) जो दिल्ली आधारित एक संगठन और अध्ययन में सहयोगी है, के परामर्श से तैयार किया जा रहा है । नए अध्ययन निम्नलिखित हैं :

1. अवसादक घटना के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए खुला नैदानिक परीक्षण ।
2. खंडित मानसिकता में होम्योपैथिक चिकित्सीय प्रभाव की व्यवहार्यता का मूल्यांकन करना, एक खुला नैदानिक परीक्षण ।
3. साधारण और श्लेषमल पुरानी श्वसनी शोथ में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
4. पुराने साइनुसाइटिस में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
5. सुसाध्य प्रॉस्टेट अतिवृद्धि में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
6. रजोनिवृत्ति के वर्शों के दौरान होने वाले कष्ट के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
7. पनसिकामयता में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
8. आमाशय आंत्रशोथ के नियंत्रण में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
9. पुराने वाहिका श्वसनीशोथ के नियंत्रण में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
10. मूत्राशय में पथरी में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
11. बच्चों में तीव्र नासिका रोग के नियंत्रण मे प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
12. श्वेत कुष्ट में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका सुनिश्चित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक नैदानिक परीक्षण ।
13. उपगामी एच.आई.वी. संक्रमण में होम्योपैथिक औषधियों का एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
14. एच.आई.वी. संक्रमण में साइक्लोस्पोरीन, अमीलीयम नाइट्रोजम, काकेनम म्यूरियाटिकम, अजाथीओपरीन और कोर्टीसन के होम्योपैथिक संपाक का एक नैदानिक परीक्षण ।
15. मधुमेह दूरवर्ती प्रतिसम (प्राथमिक संवेदी) बहुतंत्रिकारोग में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
16. उष्ण वलयिक इओसिनोफिलिया में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
17. मधुमेह फुट अल्सर में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।
18. बच्चों में तीव्र अतिसार रोग के नियंत्रण में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह विकसित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

भाग–।

अप्रैल 2005–अगस्त 2005

1. व्यवहारजन्य विकृतियां स्थिर होती हैं, वातावरण पर कम आधारित होती हैं और उनका उपचार करना अधिक कठिन होता है। होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता का मूल्यांकन करने की यह परियोजना केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) को सौंपी गई थी ।

i) जराजीर्णता और जराजीर्णतापूर्व एंद्रिय मनोवैश्लेशिक स्थिति

01 नए रोगी सहित तीन रोगियों का अध्ययन किया गया । इनमें से दो में मध्यम सुधार और एक में अल्प सुधार देखा गया ।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
लाइकोपोडियम 200	01	01
पल्साटिला 1 एम.	01	01

ii) खंडित मनस्कता

63 रोगियों (12 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 07 में अति सुधार, 06 में मध्यम सुधार और 07 में अल्प सुधार देखा गया । दो रोगियों में सुधार नहीं देखा गया और 41 रोगी उपचाराधीन थे ।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सेनिक एल्बम 200, 1 एम.	01	
बेलाडोना 200	06	01
कल्केरिया कार्बोनिकम 200, 1 एम.	04	03
इग्नेशिया 1 एम.	03	03
लैकेसिस 200, 1 एम.	05	01
नेट्रम म्यूरिएटिकम 200	03	02
नक्स वोमिका 30, 1 एम.	13	02
पल्साटिल्ला 200	02	06
स्ट्रामोनियम 200	05	01
सल्फर 200, 1 एम.	09	02
		04

iii) प्रभावी मनोविकृति

120 रोगियों (43 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 32 में अति सुधार, 26 में मध्यम सुधार और 21 में अल्प सुधार देखा गया । 14 रोगियों में सुधार नहीं देखा गया । 21 रोगियों ने कोई सूचना नहीं दी ।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सेनिक एल्बम 200, 1 एम.	07	03
बेलाडोना 200, 1 एम.	26	10
जेल्सीमियम 200, 1 एम.	04	03
हायोसायमस 1 एम.	06	03
इग्नेशिया 200, 1 एम.	17	05
लैकेसिस 200	10	03
नेट्रम म्यूरिएटिकम 200	04	02
नाइट्रिक एसिड 200, 1 एम.	10	03
नक्स वोमिका 200, 1 एम.	09	06
फास्फोरस 200, 1 एम.	20	07
प्लैटीना 200, 1 एम.	04	02
पल्साटिल्ला 200, 1 एम.	23	08
सल्फर 200, 1 एम.	11	04

iv) मद्यसारिक मनोविकृति

07 रोगियों (04 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 03 में अति सुधार, 01 में मध्यम सुधार और 02 में अल्प सुधार देखा गया । एक रोगी उपचाराधीन था ।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
लाइकोपोडियम 200	01	01
नक्स वोमिका 200	02	02
सल्फर 200	02	

v) संभ्रान्ति विकृति

07 रोगियों (03 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 03 में अति सुधार, 03 में मध्यम सुधार देखा गया । एक रोगी प्रेक्षण अधीन था ।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
लैकेसिस 200	03	02
फास्फोरस 200	01	01
पल्साटिल्ला 200, 1 एम.	01	01
सल्फर 200, 1 एम.	01	01

vi) बाल्यावस्था विशिष्ट मूलक मनोविकृति

13 रोगियों (06 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 05 में अति सुधार और 08 में अल्प सुधार देखा गया ।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
कल्केरिया कार्बोनिकम 200, 1 एम.	03	02
लाइकोपोडियम 200	02	01
फास्फोरस 200	03	02

vii) मनोदैहिक विकृति

विभिन्न नैदानिक समस्याओं वाले 123 रोगियों (28 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया और उनमें अलग-अलग स्तरों का सुधार पाया गया ।

2. श्वसनीशोथ

'श्वसनीशोथ में होम्यापैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने की' परियोजना नैदानिक अनुसंधान और महामारी सैल भोपाल तथा क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी को सौंपी गई थी । इक्तालिस रोगियों का अध्ययन किया गया । इनमें से 19 रोगियों में अति सुधार, 24 रोगियों में मध्यम सुधार और 08 रोगियों में अल्प सुधार देखा गया। एक रोगी में सुधार नहीं हुआ ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
एकोनाइट नेप. 30	03	03
ब्रायोनिया 30, 200	03	03
डल्कामारा 30	02	02
आर्सेनिक आयोडेटम 30	04	04
रस टाक्सिकोडेन्ड्रन 30, 200	12	12
ड्रासेरा 30, 200	02	02
स्पाँजिया 30	07	07
हीपर सल्फ. 30	02	02
जस्टीशिया अधा. 30	03	03

अध्ययन के दौरान यह अवलोकन किया गया कि बारम्बारता की अवधि और बाद के दौरों में सघनता कम हो गई है और उन पर प्रभावी ढंग से नियंत्रण पा लिया गया है।

3. गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन

'गर्भाशय ग्रीवा शोथ एवं अपरदन में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.) शिमला और औषध मानकीकरण इकाई (विस्तार इकाई) हैदराबाद को सौंपी गई थी । इक्कीस रोगियों (17 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 03 रोगियों में अति सुधार, 03 रोगियों में मध्यम सुधार और 04 रोगियों में अल्प सुधार देखा गया । चार रोगी असूचित और 06 रोगी उपचाराधीन थे।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
एलूमिना 30, 200	01	01
क्रियोजोट 30, 200	01	01
लैकेसिस 30	01	01
नेट्रम म्यूरिएटिकम 30, 200	02	01
नाइट्रिक एसिड 30	01	01
सीपिया 30, 200	04	02

4. संक्रमणीय रोग

'संक्रामणीय रोगों में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता का पता लगाने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), तिरूपति को सौंपी गई थी ।

34 रोगियों (22 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 19 रोगियों को रोगमुक्त किया गया, 03 रोगियों में मध्यम सुधार देखा गया । उन्नीस रोगियों में रोग की पुनरावृत्ति नहीं देखी गई।

अध्ययन किए गए 34 रोगियों (22 नए रोगियों सहित) की स्थिति अर्थात प्रतिश्याय (इन्फ्लुइंजा)–16, पेचिश–04, संक्रामक आमाशय आन्त्र शोथ–02 ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

प्रतिश्याय (इन्फ्लुइंजा)

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सेनिक एल्बम 30, 200	05	04
बेलाडोना 200, 1 एम.	03	03
यूपाटोरियम पर्फोलिएटम 30, 200	02	02
जेल्सीमियम 30, 200	02	01
रस टाक्सिकोडेन्ड्रन 30, 200	04	03

पेचिस

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
एलो सोक. 200	01	01
मर्क. सोल. 30, 200	01	01
नक्स वोमिका 30, 200	02	02

आमाशय आंत्रशोथ

आर्सेनिक एल्बम 30, 200	01	01
कार्बो वेज. 30, 200	01	01

5. मधुमेह मेलीटस (एनआईडीडीएम)

'मधुमेह मेलीटस में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नई दिल्ली, नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), चेन्नई और गुडगांव को सौंपी गई थी । अध्ययन किए गए 25 रोगियों में से, 06 रोगियों में अति सुधार, 05 रोगियों में मध्यम सुधार, 11 रोगियों में मध्यम सुधार हुआ और 3 रोगी में सुधार नहीं हुआ ।

प्रत्येक औषधि के सामने नीचे दी गई संख्या वाले रोगियों को विभिन्न स्तरों में मधुमेह मेलीटस के रोगलक्षणों से छुटकारा देने में निम्नलिखित औषधियों उपयोगी पाई गई :

यूरेनियम नाइट्रिकम 30	02
कल्केरिया कार्बोनिकम 200	01
एसिड फास्फोरिकम 30, 200	04
फास्फोरस 30, 20	02
नेट्रम म्यूर. 30, 200	02
पल्साटिल्ला 30, 200	04
इन्सुलिन 30, 200	07

6. बाह्य तंत्रिका रोग सहित मधुमेह फुट

'बाह्य तंत्रिका रोग सहित मधुमेह फुट में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता का मूल्यांकन करने' की परियोजना औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद को सौंपी गई थी । अठावन रोगियों (08 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया। अध्ययन के दौरान व्यक्तिपरक और उद्देश्यपरक रोगलक्षणों से छुटकारा मिला।

प्रत्येक औषधि के सामने नीचे दी गई संख्या वाले रोगियों को विभिन्न स्तरों में बाह्य तंत्रिका रोग सहित मधुमेह मेलीटस के रोगलक्षणों से छुटकारा देने में निम्नलिखित औषधियों उपयोगी पाई गई :

आर्सेनिक एल्बम 6, 30, 200	05
मर्क्यूरियस सोल्युविलिस. 30, 200	04
नेट्रम म्यूरिएटिकम 30	05
फास्फोरस 30	04
पल्साटिल्ला 30	05
साइलीशिया 30	03
सल्फर 30, 200	05

7. मिरगी रोग (अपस्मार)

'मिरगी रोग में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना केन्द्रीय अनुसंधान (होम्यो.), कोट्टायम को सौंपी गई थी । इक्यानवें रोगियों (09 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया। इनमें से 02 रोगियों में अति सुधार, 06 में मध्यम सुधार और 02 में मध्यम सुधार देखा गया।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्निका मोन्ट. 200	01	01
ओपियम 30	01	01
फास्फोरस 30	01	01
सल्फर 30	01	01

8. अमाश्य शोथ

'अमाश्य शोथ में होम्योपैथिक औषधियों का मूल्यांकन करने' की परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), इम्फाल को सौंपी गई थी । छब्बीस रोगियों का अध्ययन किया गया । इनमें से 7 में अति सुधार, 8 में मध्यम सुधार और 11 में अल्प सुधार देखा गया ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
ऐनाकार्डियम 30, 200	03	03
आर्सेनिक एल्बम 30, 200	11	09
नक्स वोमिका 30, 200	15	12
फास्फोरस 30	04	04

9. जरा व्याधिकी/वृद्धावस्था विकृति

'जरा व्याधिकी विकृति में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना, नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), गुडगांव और औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद को सौंपी गई थी । तरेसठ रोगियों (34 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया। इनमें से 02 रोगियों में सामान्य सुधार और 34 में अल्प सुधार देखा गया । 10 रोगियों में सुधार नहीं देखा गया ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आवेना सैटाइवा	01	01
ब्रायोनिया	29	19
कास्टिकम	02	02
एब्रोमा अगस्ता	06	05
एलूमिना	01	01
लैकेसिस	01	01
लाइकोपोडियम	02	01
नैट्रम म्यूरिएटिकम	01	01
नक्स वोमिका	01	01
पल्साटिल्ला	01	01

10. जियार्डियासिस

'जियार्डियासिस रोग में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना, नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), पोर्ट ब्लेयर को सौंपी गई थी। अठाइस रोगियों (20 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 03 रोगियों में अति सुधार और 02 रोगियों में सामान्य सुधार देखा गया । 02 रोगियों ने सूचना नहीं दी और 01 रोगी छोड़कर चला गया । 20 रोगियों में रोग की कोई पुनरावृत्ति नहीं देखी गई।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
एटिस्टा इंडिका 30	10	08
चाइना 30	07	07
पोडोफाइलम 30	08	07
सल्फर 30	03	03

11. एच.आई.वी./एड्स

उद्देश्य: एचआईवी/एड्स के नियंत्रण में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका का नैदानिक मूल्यांकन करना। यह परियोजना, क्षेत्रीय अनुसंधान इकाई (होम्यो.), मुम्बई, गुडीवाडा, नई दिल्ली और इम्फाल, नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), चेन्नई और होम्योपैथिक उपचार केन्द्र, सफदरजंग अस्पताल, नई दिल्ली को सौंपी गई थी।

रोग के संचरण का तरीका	रोगियों की संख्या	
	नये	पुराने
यौन सम्बन्ध		
- विभिन्न लिंगों में	86	148
- समलिंगकामुकता	01	–
संक्रमित निडल्स/सीरीन्ज	–	07
रक्त परिसरन	–	–
मातृ–भ्रूण (स्तन पान सहित)	02	11
अन्य अज्ञान	04	–
सीडीसी वर्गीकरण के अनुसार चरण (आरंभ में)		
चरण-I- तीव्र सीरम परिवर्तन	–	–
चरण-II- उपगामी सीरम सकारात्मक	53	99
चरण-III- स्थायी व्यापकीकृत लिम्फाडेनोपैथी	12	06
चरण-IV(क)- एड्स संबंधी जटिलताएं	24	34
चरण-IV(ख)- तंत्रिका विज्ञान संबंधी अभिव्यक्ति के साथ एआरसी या एड्स	–	–
चरण-IV(ग)- अपोरचुनिस्टिक्स संक्रमणों में एड्स शामिल है	02	05
चरण-IV(घ)- सांघातिकता	–	–
चरण-IV(ङ)- अन्य स्थितियां/बालचिकित्सा	–	–
उपचाराधीन	–	–
असूचित	–	–
जिनकी मृत्यु हो गई	02	–

अध्ययन किए गए 263 रोगियों (93 नए और 170 पुराने) में से कुछ रोगी अप्रैल 2005 से मार्च 2006 की अवधि के दौरान पंजीकृत किए गए थे । इसलिए अनुवर्तन की अल्प अवधि के कारण रिपोर्टिंग के समय उनकी स्थिति निर्धारित करना कठिन है । अध्ययन के दौरान यह अवलोकन किया गया कि निदर्शित औषधियों का सेवन करने से अनेक लक्षणों और रोगलक्षणों अर्थात खांसी, मौखिक कंडीडियासिस, सिरदर्द, कमरदर्द, वजन घट जाने, कमजोरी, दीर्घकालिक अतिसार, जननांगों में फूटन आदि जो एच.आई.वी. संक्रमित व्यक्ति में बार–बार देखे जाते हैं, से छुटकारा देने में सहायता मिली ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सेनिक एल्बम 30, 200	18	17
कल्केरिया कार्ब. 200	02	02
चाइना 30, 200	02	01
मर्क.सोल. 200	37	36
नेट्रम म्यूर. 200	11	11
पल्साटिल्ला 200	18	17
रस टाक्स. 30, 200	46	43
सीपिया 1 एम.	02	02
सल्फर 30, 200	02	01
टुबरकुलीनम 200	02	01
थूजा 30, 200, 1 एम.	03	03
ब्रायोनिया 30, 200	38	38
बेलाडोना 30, 200	02	02
नक्स वोमिका 30, 200	17	17
लाइकोपोडियम 30, 200	10	09
एसिडम फास्फोरिकम 30	07	07
एलोज 30, 200	09	09
नाईट्रिक एसिड 30	05	05

12. सविरामी ज्वर

'सविरामी ज्वर में होम्यापैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना होम्योपैथिक अनुसंधान संस्थान, जयपुर को सौंपी गई थी । तैंतीस रोगियों (21 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया । इनमें से 19 रोगी रोगमुक्त हो गए, 08 में अति सुधार और 06 में सामान्य सुधार देखा गया। पंद्रह रोगियों में रोग की कोई पुनरावृत्ति नहीं देखी गई ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सेनिक एल्बम 30	04	04
बेलाडोना 30	03	03
चाइना आर्स.	04	04
यूपाटोरियम पर्फोलिएटम 30	06	06
रस टाक्सिकोडेन्ड्रन 30	07	07

13. उत्तेजनशील आंत सिंड्रोम

'उत्तेजनशील आंत सिंड्रोम में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), पोर्ट ब्लेयर को सौंपी गई थी।

20 रोगियों (15 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया। इनमें से 07 में अति सुधार, 09 में मध्यम सुधार और 02 में मध्यम सुधार देखा गया। दो रोगियों ने कोई सूचना नहीं दी । आठ रोगियों में रोग की पुनरावृत्ति नहीं देखी गई।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सेनिक एल्बम 200	01	01
चाइना 200	01	01
लाइकोपोडियम 200	01	03
नक्स वोमिका 200	04	04
फास्फोरस 200	05	03
सल्फर 200	04	02
आर्जेण्टम नाइट्रिकम 200	03	03
जेल्सीमियम 200	04	03
	03	

14. कुष्ठ रोग

'कुष्ठ रोग में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पुरी और नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई को सौंपी गई थी ।

इस रोग में प्रभावी पाई गई औषधियां हैं–मर्क. सोल. 30,200, मर्क.बिन.आयोड. 6,200, साईलीशिया 30,6एक्स.,200, सल्फर 30,200, एविना सटाइवा 30, रस टाक्सिकोडेन्ड्रन 200, हाइड्रोकोटाइल 6 ।

कुष्ठ रोग पर एक खुला नैदानिक परीक्षण अक्तूबर, 2003 में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पुरी में आरंभ किया गया था । सोसाइटल नैदानिक कैम्पों के माध्यम से रोगी एकत्र किए गए थे । अप्रैल 2005 से सितंबर 2005 के दौरान, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पुरी में 20 ऐसे रोगी अध्ययन के अधीन थे जिनमें चमड़ी पर (ए. बी) सकारात्मक धब्बे देखे गए। इन रोगियों को एमडीटी (मल्टी ड्रग थैरेपी ट्रीटमैंट्र) के पश्चात पोस्ट रिसीडयुअल शिकायतें हुई ।

बीस रोगियों में से 03 रोगियों में ग्रेड 'ओ' की अनुक्रिया अर्थात अनेसथिसिया का अभाव/विकलांगता/आंखों की समस्या/प्लांटर अल्सर, देखी गई, चार रोगियों में ग्रेड 'I' की अनुक्रिया अर्थात उपरोक्त में से किसी रोग लक्षण की उपस्थिति परन्तु कोई स्पष्ट क्षति नहीं, देखी गई, चार रोगियों में ग्रेड 'II' की अनुक्रिया अर्थात उपरोक्त में से किसी रोग लक्षण की उपस्थिति परन्तु किसी स्पष्ट क्षति के बिना देखी गई, और 5 रोगी अभी भी उपचाराधीन हैं । एक रोगी में सुधार नहीं देखा गया और 3 रोगी अनुपस्थित थे।

15. धवल रोग

'धवल रोग में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने की' परियोजना अप्रैल 2005 से अगस्त 2006 दौरान क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुडीवाडा को सौंपी गई थी । एक सौ चौंसठ नए रोगियों (09 नए और 155 पुराने) अध्ययन किया गया । इनमें से 26 रोगियों की हालत स्थिर रही, 05 रोगी रोगमुक्त हो गए, 08 रोगियों में अच्छा खासा सुधार में सामान्य सुधार और 08 रोगियों में अल्प सुधार देखा गया। दो रोगियों में सुधार नहीं देखा गया गया । 52 रोगियों ने सूचना दी, 40 रोगी महत्वपूर्ण नहीं थे, 06 रोगी असूचित, 02 रोगियों में उग्रता गई और 06 रोगियों को शामिल नहीं किया गया । के दौरान यह अवलोकन किया गया कि निम्नलिखित निदर्शित औषधियों ने, अध्ययन में नामांकित मरीजों में लक्षणों रोगलक्षणों से छुटकारा देने में सहायता की ।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	कुल	रोग–मुक्त हुए	अति सुधार	माध्यम सुधार	अल्प सुधार	कोई खास राहत नहीं	स्थिर	उग्रता हुई
आर्स.एल्ब.200	32	02	02	02	02	17	05	02
कल्क.कार्ब.200	03	01	00	00	00	00	01	00
मर्क.सोल.200	05	00	00	00	00	03	02	00
फास्फोरस 200	28	00	03	04	01	11	09	00
साइलीशिया 1एम.	03	01	02	0	0	0	00	00
सल्फर 200	14	00	01	01	01	06	05	00
जिनमें पुनः वर्णकता दिखाई दी								
जिनमें रोग आगे बढ़ने से रूका		–	72					
परीक्षण के दौरा सुधार हुए		–	26					

अनेक रोगियों ने निम्नलिखित संबद्ध शिकायतें की :

संबद्ध शिकायतें

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित	रोगमुक्त किए गए
उच्च रक्तचाप	13	10
निम्न रक्तचाप	49	09

37 रोगियों में एक औषधि से सुधार हुआ, 9 रोगियों का उपचार एक से अधिक औषधि से किया गया, 28 रोगियों का उपचार एक से अधिक औषधि से और बीच–बीच में मध्यवर्ती इलाज से किया गया ।

16. अस्थि संधिशोथ

'अस्थि संधिशोथ में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का पता लगाने की' परियोजना केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.) कोट्टायम और क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुडीवाडा को सौंपी गई थी । 213 रोगियों (57 नए रोगियों सहित) का अध्ययन किया गया। इनमें से 87 रोगियों में अच्छा खासा सुधार, 50 में मध्यम सुधार और 59 में अल्प सुधार देखा गया । 07 रोगियों ने कोई सूचना नहीं दी ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
आर्निका 200	01	01
ब्रायोनिया 200	60	60
कल्केरिया कार्बोनिकम 30, 200	06	01
कास्टिकम 30, 200	21	21
लैकेसिस 30, 200	03	03
लाइकोपोडियम 30, 200	03	03
रस टाक्सिकोडेन्ड्रन 30, 200, 1 एम.	113	106

17. बाल चिकित्सा की समस्याएं

'बाल चिकित्सा की समस्याओं में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता का मूल्यांकन करने' की परियोजना होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, शिमला, औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद, नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), गुड़गांव, पटियाला और तिरूपति को सौंपी गई थी ।

293 रोगी पंजीकृत किए गए थे जिनमें से 133 रोगी अतिसार के, 140 रोगी तीव्र श्वसनी संक्रमण के, 20 रोगी दंतविन्यास संबंधी समस्याओं से संबंधित थे । इनमें से 244 रोगी रोगमुक्त हो गए, 01 रोगी में अच्छा खासा सुधार देखा गया, 01 रोगी में सुधार नहीं देखा गया, 32 रोगियों ने कोई सूचना नहीं दी और 15 रोगी असूचित । 60 रोगियों में कम गहनता के साथ रोग की पुनरावृत्ति देखी गई ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
ईगल मार्मिलोज 30		02
एलोज 30	02	39
आर्सेनिक एल्बम 30, 200	43	10
बेलाडोना 30, 200	14	06
ब्रायोनिया 200	07	41
कमोमिला 30	48	17
डल्कामारा 30	23	01
इपिकाक. 30	01	03
जस्टीशिया अधा. 30	03	12
मर्क.कोर. 6,30	14	01
मर्क.सोल. 30, 200	09	02
नक्स वोमिका 30, 200	02	02
पोडोफाइलम 30	02	01
	01	

रस टाक्स. 30		
सेनेगा 6	01	01
स्पाँजिया 30	05	05
सल्फर 30	04	04
	02	02

18. परिदंत शोथ

'परिदंत शोथ' में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), नई दिल्ली और होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ को सौंपी गई थी ।

अध्ययन किए गए 35 नए रोगियों की स्थिति: 31 रोगियों में अति सुधार हुआ, 02 रोगियों ने सूचना नहीं दी और 02 रोगी असूचित ।

निम्नलिखित औषधियों ने दांतों के दर्द, मसूड़ों की सूजन और उपचार के बाद नरमी से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
क्रियोजोट 30	06	05
मर्क्यूरियस सोल्यूविलिस 30, 200	27	23
मेजीरियम 30	01	01
हैक्ला लावा 30	01	01

19. वृक्कीय पथरी

'वृक्कीय पथरी में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), इम्फाल को सौंपी गई थी । बारह नए रोगियों का अध्ययन किया गया । दो रोगियों में अति सुधार, 04 में मध्यम सुधार और 06 में अल्प सुधार देखा गया ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
कैन्थरिस 30	03	03
लाइकोपोडियम 200	02	02
सर्सापैरिल्ला 30, 200	03	03
बर्बेरिस वुल्गैरिस 30, 200	03	03

20. सिक्कल सैल एनिमिया

नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी) सम्बलपुर (उड़ीसा) के क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पुरी के साथ विलय हो जाने के परिणामस्वरूप, परिषद् ने क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, पुरी में कार्यक्रम को जारी रखा । स्थानीय लोगों की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, परिषद् की वैज्ञानिक परामर्श समिति ने इच्छा व्यक्त की कि सिक्कल सैल एनिमिया से पीड़ित मरीजों के लिए संबलपुर में हर महीने एक तीन दिवसीय शिविर आयोजित किया जाए । रिपोर्ट के अधीन वर्ष के दौरान ऐसे 44 रोगियों का उपचार किया गया जिनमें सिक्कल सैल एनिमिया के प्रयोगशाला के साक्ष्य मौजूद थे । उनमें रोग लक्षणों से राहत देखी गई । जो औषधियों प्रभावी पाई गई वह हैं : चाइना 200, आवेना सैटाइवा क्यू, नेट्रम म्यूरिएटिकम 200, ब्रायोनिया एल्बा 200, चेलिडोनियम मेजस 30 और एसिड फास्फोरिकम 200 । इन सभी 44 रोगियों का अनुवर्तन किया जा रहा है ।

21. त्वचा विकृतियां

'त्वचा विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ और नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.) उडुपी को सौंपी गई थी । बयालीस नए रोगियों का पंजीयन किया गया था । चूंकि अध्ययन में नामांकित रोगियों की संख्या बहुत कम थी, इसलिए, कोई निश्चयात्मक अवलोकन नहीं किया जा सका ।

22. इओसिनोफिलिया

इओसिनोफिलिया पर नैदानिक खुला परीक्षण अक्तूबर, 2003 में क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), पुरी और नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), पोर्ट ब्लेयर में आरंभ किया गया था । छियानवें रोगियों का अध्ययन किया गया । इनमें से 64 रोगियों में मध्यम सुधार, 31 में मध्यम सुधार और 01 में अति सुधार देखा गया ।

उपचार के 6 महीने पश्चात इओसिनोफिलिया काउन्ट में कमी देखी गई। इक्कीस रोगियों में रोग की कोई पुनरावृत्ति नहीं देखी गई।

निम्नलिखित औषधियों ने लक्षणों और रोगलक्षणों से छुटकारा देने में सहायता की।

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम

	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सेनिक एल्बम 30, 200	12	11
रस टाक्स. 30	41	35
एपिस मेलीफिका 30	09	08
ब्रायोनिया एल्बा 30, 200	15	10
पल्साटिल्ला निग. 30, 200	05	04
नेट्रम म्यूरिएटिकम 30	03	02
प्लेटिना सीपा 30	04	01

23. ऊपरि श्वसन नली संक्रमण

'ऊपरि श्वसन नली संक्रमण में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), गुवाहाटी और नैदानिक अनुसंधान व महामारी सैल, भोपाल को सौंपी गई थी । बारह रोगियों का अध्ययन किया गया था, जिनमें से 12 में अति सुधार देखा गया ।

निम्नलिखित औषधियों ने शिकायतों की बारंबारता, अवधि और सघनता से छुटकारा दिया :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्सनिक एल्बम 30, 200	05	05
जस्टीशिया 30, 200	02	02
रस टाक्स. 30	04	04
डल्कामारा 30, 200	01	01

ख. जनजातीय क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान

परिषद् निम्नलिखित नैदानिक स्थितियों में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता के नैदानिक मूल्यांकन के उद्देश्य से बारह जनजातीय क्षेत्रों में नैदानिक अनुसंधान इकाइयां चला रही थी :

क्र. सं.	नैदानिक स्थितियां	निर्धारित की गई होम्योपैथिक औषधियां	स्थान
1.	श्वसनी संक्रमण	फेरम फास., ब्रायोनिया एल्बा, फास्फोरस, इपिकाकुअन्हा, एण्टिमोनियम आर्से., काली बाइक्रोमिकम, काली कार्बोनिकम, एण्टिमोनियम टार्टेरिकम, वेराट्रम विराइड, स्पाँजिया टोस्टा	पांडिचेरी
2.	रजोधर्म विशयक विकृतियां / रजोनिवृत्ति सिंड्रोम	पल्साटिल्ला, ऊफोरिनम, नक्स वोमिका, नक्स मास्केटा, अस्टिलेगो मेडिस, जिंकम वेल., ग्लोनाइनम, क्रोटेलस केसकावेला, मैंगीफेरा इण्डिका, कोनियम मेक., सल्फर, सोराइनम, म्यूरेक्स पर्पूरिया, ग्रेफाइटिस, सैंग्वीनेरिया कैना., सिमिसीफ्यूगा रेसमोसा, थ्लासपी बुर्सा पैस्टोरिस, टुबरकुलीनम, बेलाडोना, केलियम कार्ब., इरिजरोन कैना., मैग्नीशियम फास्फोरिकम, साराका इंडिका, कैस्टोरियम, लैक कैनीनम, वाइबर्नम ओपूलस, एंथियम स्पाईनोजम, सैबाइना, लैकेसिस मूटस, कल्केरिया कार्बोनिका, सीपिया, एमिल नाइट्रोजम	पांडिचेरी रांची (झारखंड)

3.	हैजा / जठर आंत्र शोथ	क्यूप्रम मेटालिकम, वेराट्रम एल्बम, कैम्फोरा, आर्सेनिकम एल्बम, एथूजा सिनापियम, फास्फोरस टाबैकम, क्यूप्रम आर्स. मे., जैट्रोफा, नेट्रम सल्फ., बिस्मथम	सिलिगुड़ी (प.ब.)
4.	उच्च रक्तचाप	बेलाडोना, राउलफोलिया सेर., स्ट्रोंटियम कार्बे., स्ट्रोंटियम आयोड., सुम्बुलस मोस्केटस, बैराइटा म्यूरिएटिका, ग्लोनाइनम, एड्रिनैलिन, बोरेहेविया डिफ्यूजा, ग्रैशियोला, प्लम्बम मेटालिकम, औरम मेटालिकम, विस्कम एल्बम, वेराट्रम एल्बम	गंगटोक (सिक्किम) ऐजवाल (मिजोरम)
5.	मौखिक विकृतियां	बोरेक्स, बेलाडोना, बैप्टीशिया, काली क्लोरिकम, काली म्यूरिएटिकम, नाइट्रिक एसिड,म्यूरिएटिक एसिड, मर्क्युरियस डलसिस, मर्क्युरियस सोल., नेट्रम म्यूर., फास्फोरस, आर्सेनिकम एल्ब., सिन्नाबैरिस, साइलीशिया, हाइड्रैस्टिस, हीपर सल्फ्यूरिस कल्केरियम, एरम ट्रिफाइलम, कौण्डुरैंगो	दीमापुर (नागालैण्ड)
6.	ज्वर	जेल्सीमियम सेमप., वेराट्रम वेराइड, चाइना आफिसिनैलिस, चिनिनम आर्सेनिकोसम, एपिस मेलिफिका, आर्सेनिकम एल्बम, बैप्टीशिया टिंक्टोरिया, पाइरोजीनियम, एसिडम म्यूरिएटिकम, मर्क्युरियस सोल., ओपियम, हायोसायमस नाइगर, ग्लोनाइनम, हेलीबोरस, नाइगर, क्युप्रम मेटालिकम, कैम्फोरा आफिसिनैलिस, कोनियम मेकूलेटम, यूपाटोरियम पर्फोलिएटम, एकोनाइटम नैपेल्लस, रस टाक्सिकोडेन्ड्रन, ब्रायोनिया एल्बा, बेलाडोना, फास्फोरस, टुबरकुलीनम, स्ट्रामोनियम कार्ब., सल्फर, सिक्यूटा विरोसा, बोरेक्स	ऐजवाल (मिजोरम)
7.	सूखा रोग	एब्रोटेनम, अमोनियम म्यूर., कल्केरिया सिल., साइलीशिया, बोरेक्स, क्रिओजोटम, टुबरकुलीनम, अर्जेण्टम नाइट्रिकम, कल्केरिया कार्बोनिका, कल्केरिया फास्फोरिका, आयोडियम, नेट्रम म्यूर., सैनीक्यूला एकुआ, एथूजा सिनापियम	गंगटोक (सिक्किम) ईटानगर (अरूणाचल प्रदेश)
8.	पीलिया	एक्कुलस हिप्प., ब्रायोनिया एल्ब., मर्क्युरियस सोल., हाइड्रोकोटाइल एसाइटिका, चाइना ऑफिसिनैलिस, बोरेहेविया डिफ्यूजा, कैरिका पपाया, पोडोफाइलम, पेलटेटम, नक्स वोमिका, डिजिटैलिस पर., कार्डुअस मैरिएनस, नेट्रम सल्फ्यूरिकम, टी.एन.टी., चेलिडोनियम मेजस	शिलांग (मेघालय), सिलिगुड़ी (प.ब.), ऐजवाल (मिजोरम), जगदलपुर (छत्तीसगढ़)

9.	परा नासिका गर्तदाह	मर्क्युरियस सोल., स्टिक्टा पल., मर्क्युरियस बिनिओडेटस, काली आयोड., नाइट्रिकम एसिड, कालीयम आयोडेटम, साइलीशिया, नेट्रम म्यूर., सल्फर, टियूक्रियम मैरम वेरम, थूजा आक्सी., आर्सेनिकम आयोडेटम, कालीयम सल्फ्यूरिकम, लाइकोपोडियम क्लेवेटम, कार्सिनोजिनम, हीपर सल्फ्यूरिस कल्केरियम, पल्साटिल्ला नाइग्रेकेंस, हाइड्रैस्टिस कैनेडेंसिस, कालीयम बाइक्रोमिकम	अगरतला (त्रिपुरा), शिलांग (मेघालय), दीमापुर (नागालैण्ड)
10.	चर्म रोग और पनसिकामयता	सल्फर, मर्क्युरियस सोल., सेलेनियम, आर्स. एल्ब., कार्बोनियम सल्फ., डल्कामारा, कास्टिकम, आर्निका मोन्टाना, साइलीशिया, हीपर सल्फ.कल्के., काली सल्फ., कार्बो वेज., लाइकोपोडियम, बेलाडोना, लैकेसिस, सोराइनम, रस टाक्स., ऐंथ्रासीनम, सीकेल कौर., पैट्रोलियम, क्रोटेलस होराइडस, फास्फोरिकम एसिडम	अगरतला (त्रिपुरा), जगदलपुर (छत्तीसगढ़), भारूच (गुजरात)

उपलब्धियां :

I. श्वसनी संक्रमण

'श्वसनी संक्रमण में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी), पांडिचेरी को सौंपी गई थी । तीन सौ बयालिस नए रोगियों का पंजीयन किया गया था । इनमें से 39 रोगी अरोग्य हुए, 35 रोगियों में अति सुधार, 42 में मध्यम सुधार और 83 में अल्प सुधार देखा गया । बावन रोगियों में सुधार नहीं हुआ, 06 रोगी अनउपचारार्थ रहें।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
एण्टिमोनियम क्रुड. 6,30,200,1 एम.	30	15
एण्टिमोनियम टार्टरिकम 6,30,200,1 एम.	34	23
ब्रायोनिया एल्बा. 6,30,200,1 एम.	31	17
फेरम फास्फोरिकम 6,30,200	27	19
इपिकाक 6,30,200,1 एम.	48	33
काली बाइक्रोमिकम 6,30,200	51	23
काली कार्ब. 6,30,200,1 एम.	15	08

फास्फोरस 6,30,200	27	14
स्पाँजिया 6,30,200	34	23
वेराट्रम एल्बम 6,30,200	26	15

II. रजोधर्म विषयक विकृतियां / रजोनिवृत्ति सिंड्रोम

'रजोधर्म विषयक विकृतियों / रजोनिवृत्ति सिंड्रोम में होम्यापैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना, नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी) पांडिचेरी और रांची को सौंपी गई थी । दो सौ छियासी रोगियों का पंजीयन किया गया था । इनमें से 02 रोगी रोगमुक्त हुए । बावन रोगियों में अति सुधार, 62 में मध्यम सुधार और 77 में अल्प सुधार देखा गया । चौबीस रोगियों में सुधार नहीं हुआ । छप्पन रोगियों ने कोई सूचना नहीं दी और 08 रोगी अनउपचारार्थ रहें।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या	
	औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
एमिल नाइट्रोसम 6,30,200,1 एम.	16	13
बेलाडोना 6,30,200	13	08
कल्केरिया कार्ब. 6,30,200,1 एम.	44	25
सिमिसीफ्यूगा 30,200,1 एम.	16	11
कोनियम मेक. 6,30,200	19	11
इरिजरोन 6,30,200,1 एम.	01	01
ग्लोनाइन 6,30,200,1 एम.	06	05
ग्रैफाइटिस 6,30,200,1 एम.	14	10
काली कार्ब. 6,30,200,1 एम.	15	08
लैकेसिस 6,30,200,1 एम.	20	12
मैग्नीशिया फास्फोरिका 6,30,200	20	15
म्यूरेक्स 6,30,200,1 एम.	02	01
नक्स मास्केटा	03	02
नक्स वोमिका	09	05
ऊफोरीनम 6,30,200,1 एम.	01	01
पल्साटिल्ला 6,30,200,1 एम.	30	13
सोराइनम 6,30,200	02	01
सैबाइना 6,30,200	06	03
सैंग्वीनेरिया कैन. 6,30,200,1 एम.	04	03
सीपिया 6,30,200,1 एम.	16	09
सल्फर 6,30,200	02	02
थ्लासपी बुर्सा पैस्टोरिस 6, 30	02	01
ट्यूबरकुलीनम 6,30,200,1 एम.	13	12
अस्टिलेगो मेडिस 6, 30	01	01

III. हैजा / जठर आंत्र शोथ

'हैजा / आंत्र शोथ में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी), सिलीगुड़ी को सौंपी गई थी । 126 रोगियों का पंजीयन किया गया था ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
वेराट्रम एल्बम 30,200,1 एम.	41	33
आर्स एल्ब. 30,200	37	32
फास्फोरस 30,200	08	04
नेट.सल्फ. 30,200	20	14
बिस्मथ 30,200	12	06
एथूजा 30,200	08	05

IV. उच्च रक्तचाप :

'उच्च रक्तचाप में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी) गंगटोक और एजावल को सौंपी गई थी । एक सौ सतरह रोगियों का पंजीयन किया गया था । इनमें से 64 में अति सुधार, 14 में मध्यम सुधार और 16 में अल्प सुधार देखा गया । चौदह रोगियों में सुधार नहीं हुआ और 04 रोगियों की उपचार के पश्चात हालत बिगड़ गई । चार रोगियों ने सूचना नहीं दी और 05 रोगी अनउपचारार्थ रहे ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
ग्लोनाइन 200	34	25
बेलाडोना 200	28	20
औरम मेटालिकम 200	32	20
बैराइटा म्यूर. 200	23	16

V. मौखिक विकृतियां :

'मौखिक विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना, नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी), दीमापुर को सौंपी गई थी । पंजीकृत किए गए रोगियों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण, यहां आंकड़े प्रदर्शित नहीं किए जा सके ।

VI. ज्वर (सविरामी / अल्पविरामी / डेंगू / जापानी मस्तिष्क शोथ) :

'ज्वर में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी), एजावल को सौंपी गई थी । पंजीकृत किए गए रोगियों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण यहां आंकड़े प्रदर्शित नहीं किए जा सके ।

VII. सूखा रोग :

'सूखा रोग में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी) गंगटोक और ईटानगर को सौंपी गई थी । पंजीकृत किए गए रोगियों की संख्या अपर्याप्त होने के कारण यहां आंकड़े प्रदर्शित नहीं किए जा सके ।

VIII. पीलिया :

'पीलिया में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी), शिलांग, सिलीगुड़ी, एजावल और जगदलपुर को सौंपी गई थी । एक सौ पैंतालिस रोगियों का पंजीयन किया गया था ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
चैलिडोनियम क्यू.,30,200	53	42
कार्डुअस मैरिएनस 30,200,1 एम.	03	02
नक्स वोमिका 30,200,1 एम.	32	25
चाइना आफिसिनेलिस 30,200,1 एम.	16	12
मर्क.सोल. 30,200,1 एम.	29	23
ब्रायोनिया एल्बम 30,200,1 एम.	15	12
नेट्रम सल्फ. 30,200,1 एम.	24	15

IX. परा नासिका गर्तदाह :

'परा नासिका गर्तदाह में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी) अगरतला, शिलांग और दीमापुर को सौंपी गई थी । तेरह रोगियों का पंजीयन किया गया था । इनमें से 02 में अति सुधार, 08 में मध्यम सुधार और 03 में अल्प सुधार देखा गया ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित किए गए	रोगमुक्त पाए गए
काली. आयोड. 30,200	06	06
हाइड्रैस्टिस कैन. 200	01	01

काली बाइक्रोमिकम 30,200	01	01
नेट्रम म्यूर. 30,200	01	01
नाइट्रिक एसिड 30,200	01	01
सल्फर 200	01	01
टियूक्रियम एम. वेरूम 30	01	01
थूजा ओसी. 200	01	01

X. चर्मरोग और पनसिकामयता :

'चर्मरोग और पनसिकामयता में होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करने' की परियोजना नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी), अगरतला, जगदलपुर और भड़ौच को सौंपी गई थी । चवालिस रोगियों का पंजीयन किया गया था । इनमें से 24 में अति सुधार, 12 में मध्यम सुधार और 05 में अल्प सुधार देखा गया । तीन रोगियों ने सूचना नहीं दी ।

निम्नलिखित औषधियों ने रोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की :

पोटेंसियों सहित औषधियों के नाम	रोगियों की संख्या औषधि निर्धारित रोगमुक्त किए गए	पाए गए
आर्निका मोन्टाना 30	04	04
हिपर सल्फ. 30	07	06
मर्क.सोल. 30,200	23	21
रस टाक्स. 30	04	04
सल्फर 200	06	06

भाग–II
(अक्तूबर, 2005 – मार्च, 2005)

I. अवसादक घटना के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका का पता लगाना।

परिचय

अवसाद शब्द का इस्तेमाल, किसी भावात्मक स्थिति, किसी सिंड्रोम और विकृतियों के एक समूह का वर्णन करने के लिए किया जाता है । जब अवसाद को किसी सिंड्रोम या विकृति के एक भाग के रूप में देखा जाता है तो अवसाद में कुछ घंटों से दिनों तक और कभी–कभी अधिक समय तक रहने वाली गैर–रोगात्मक, सर्वव्यापी मनोदशा के रूप में स्वतः आंतराग, भावात्मक, बोधात्मक, संज्ञानात्मक और व्यवहार की अभिव्यक्तियां होती है । अवसाद की अनुभूतियां, दुःख, उदासी की मनोदशा, निराशा में डूब जाने, अप्रसन्नता और दयनीयता की अनुभूतियां होती है । किसी विफलता या हानि के बाद, अवसाद की मनोदशा का होना एक आम और स्वाभाविक बात है ।

अवसादक विकृति, अवसादक घटना में यथा विनिर्दिश्ट अवसाद की घटनाओं के बार–बार होने, सामान्य या तीव्र, मनोदशा उन्नत होने की स्वतंत्र घटनाओं के इतिहास के बिना और उन्माद का मानदंड पूरा करने वाली अत्याधिक सक्रियता के कारण होती है । तथापि, इस शब्द का इस्तेमाल तब भी किया जा सकता है यदि मध्यम मनोदशा उन्नत होने और अत्याधिक सक्रियता की संक्षिप्त घटनाओं का ऐसा साक्ष्य हो जो किसी अवसादक घटना (कभी–कभी अवसाद के उपचार द्वारा प्रेरित) के तुरंत बाद अति उन्माद का मानदंड पूरा करता हो । व्यवहारजन्य विकृतियों पर एक खुला अध्ययन, वर्ष 1991 में केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम में परिषद् द्वारा सबसे अधिक उपयोगी होम्योपैथिक औषधियों, उनके नैदानिक निदर्शानों और सबसे उपयोगी पोटेंसियों का पता लगाने के लिए आरंभ किया गया था । कुछ मामला अध्ययनों से पता चला कि अवसादक विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों का इस्तेमाल सफलतापूर्वक किया जा सकता है । परिषद् के बाहर किया गया कार्य दर्शाता है कि गहराई से प्रभाव डालने वाली स्वास्थ्यकर औषधियां, इस अवस्था के नियंत्रण में अधिक उपयोगी होती हैं । अवसाद के दुबारा बाद में हो जाने से रोकने के लिए बनाई जाने वाली रणनीति पर भिन्न–भिन्न मत हैं । पिछले अध्ययनों के लाभों को संशोधित करने की दृष्टि से परिषद् ने, अवसाद के नैदानिक नियंत्रण में होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय भूमिका निर्धारित करने और उसका मूल्यांकन करने के लिए नैदानिक परीक्षण आरंभ किया है ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या : 100 (50 रोगी प्रति वर्ष)

अध्ययन की अवधि : 3 वर्ष+2 महीनें
(नामांकन के लिए 2 वर्ष +
अनुवर्तन के लिए 1 वर्ष)

उद्देश्य

पृष्ठ

हमील्टन डिप्रैसन रेटिंग स्केल (एच डी आर एस) की सिंड्रोम संबंधी जटिलता में नैदानिक वैष्विक सुधार (सी जी आई) के संबंध में अवसादक घटना के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका का पता लगाना ।

गौण

i. होम्योपैथिक औषधि की भूमिका का पता लगाना और अवसादक घटना से स्वास्थ्यलाभ में उपयोगी औषधि के सत्यापित विशेषता वाले चिन्हों को स्थापित करना ।

ii. अवसादक घटना की विभिन्न गहनताओं के नियंत्रण के लिए सबसे अधिक उपयोगी रणनीति निर्धारित करना ।

iii. द्विध्रुवीय विकृति को बढ़ने से रोकना ।

iv. रोग की दुबारा होने से रोकथाम करना ।

अध्ययन केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम

पद्धति

अध्ययन में नामांकित रोगी, संस्थान के वाहय रोगी विभाग में आए रोगियों में से और संलेख में विनिर्धारित शामिल किए जाने के मानदंड की भार्त पूरी करने वाले व्यक्तियों में से लिये गए थे । योग्यता का निर्धारिण, एक मनोचिकित्सक द्वारा मानक मानदंड (आई.सी.डी. 10) और हमील्टन डिप्रैसन रेटिंग स्केल (एच डी आर एस) का इस्तेमाल करके, किया गया । एक सप्ताह की 'रन–इन' अवधि रखी गई थी और जिस (जिन) रोगी (रोगियों) ने सहज सुधार दर्शाया, उसे (उन्हें) अध्ययन से बाहर निकाल दिया गया । अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाये गए चिन्हों का संग्रह किया गया और होम्योपैथिक औषध–शास्त्र देखने के पश्चात उपयुक्त औषधि निर्धारित की गई । सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के आधार पर होम्योपैथिक औषधियां निर्धारित की गई । अध्ययन में नामांकित किए गए रोगियों का अनुवर्तन, संलेख में यथानिर्धारित नियमित रूप से किया गया ।

परीक्षित औषधियां

औषधि का चयन, अलग–अलग रोगियों में दर्शाये गए रोग के लक्षणों और चिन्हों का संग्रह करके, किया गया । पहला नुस्खा उस औषधि का था जिसने, अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाये गए लक्षणों और चिन्हों में उच्चतम उपयोगिता दर्शायी । औषधि के चयन के लिए अलग–अलग रोगियों के अभिलक्षण, मानसिक/भावात्मक और शारीरिक लक्षणों तथा सहवर्ती बातों यदि कोई हो, पर भी ध्यान दिया गया ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान 11 रोगियों को छांटा गया । सभी ने शामिल किए जाने का मानदंड पूरा किया और उन्हें अध्ययन में नामांकित किया गया ।

परीक्षण के दौरान इस्तेमाल की गई निम्नलिखित होम्योपैथिक औषधियों ने विभिन्न रोगियों ने

अलग–अलग अनुक्रिया दर्शायी :

औषधि और पोटेंसी	औषधि निर्धारित किए गए रोगियों की संख्या	निम्नलिखित रूप में राहत प्राप्त रोगियों की संख्या		
		अति सुधार	मध्यम	अल्प सुधार
लैकेसिस 200	2	0	0	1
लाइकोपोडियम 30	1	0	0	1
नेट्रम म्युर. 1 एम	2	0	0	1
नक्स वोमिका 1 एम	1	0	0	1
फास्फोरस 200	1	0	0	0
प्लैटीना 1 एम	1	0	0	1
पल्साटिल्ला 200	2	0	0	0
सीपिया 1 एम, 10 एम	1	0	0	0
सल्फर 1 एम	1	0	0	0
योग	12'	0	0	5

'रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, रोगियों में से एक ने एक से अधिक औषधि प्राप्त की ।

अध्ययन के दौरान सत्यापित की गई औषधियों के अभिलक्षण / नैदानिक रोगलक्षण :

लाइकोपोडियम – सो कर उठने पर सुबह के समय आशंकित, भ्रमित विचार, उदासी । समय बहुत धीरे–धीरे बीतता है, विस्मरणशीलता, हताश, मृत्यु का डर, बचपन में यौन दुर्व्यवहार का डर, मीठा खाने की इच्छा ।

नेट्रम म्युर – लंबे निरंतर दुःख, उदासी और अवसाद के बुरे प्रभाव, संबंधों के प्रति उदासीनता, धूप में निकलने पर सिरदर्द, नीचे लेटे रहने की इच्छा । डरावने स्वप्न, छोटी–मोटी घटना पर उदासी, रोने की प्रवृत्ति, सोने के दौरान चौंक जाना, कभी–कभी गुस्सा भड़क उठना ।

लैकेसिस – बैचैनी, आशंकित, काम करने में अनिच्छा, एक ही बात को बार–बार दोहराना, कार्यकलापों में धीमापन, बातूनी, निगलने में परेशानी, एक विशय से दूसरे विषय पर चले जाना, दुःखी और निराश ।

सल्फर – मानसिक कार्य से विमुखता, कार्यकलापों में धीमापन, कमजोरी, लेटे रहने की अभिरूचि।

प्लैटीना – मार डालने की अप्रतिरोध्य इच्छा, अपने बच्चे को डुबाकर मारने की इच्छा, आत्महत्या की मनोवृत्ति, सुबह के समय विषाद, निरूद्ध रजोधर्म के साथ जुड़े मानसिक रोगलक्षण ।

क्त
यों
ंख्या
28

पल्साटिल्ला – साथ रहने की इच्छा, निरूत्साह और सुस्ती, पहल करने में कमी, दुखी और उदास, कार्यकलापों में धीमापन, भ्रान्ति जैसे कि अजनबी व्यक्ति उसके संबंधी हैं ।

फास्फोरस – आसानी से थक जाना, डरावनापन, बाह्य प्रभावों के प्रति अतिसंवेदनशील, बेचैनी, मटरगश्ती की प्रवृत्ति, उदासीनता ।

नक्स वोमिका – धीरे–धीरे समय व्यतीत करना, छोटी–मोटी बीमारियों से भी अधिक प्रभावित हो जाना, दूसरे व्यक्तियों की निन्दा करने की आदत, विश्वास की कमी, निरूत्साह और सुस्त, आत्महत्या के विचार, डरावने स्वप्न, छाती के भरे होने का आभास ।

सीपिया – संबंधों के प्रति उदासीनता, जिद्दी, बहकावट संभ्रान्ति, रोना ।

प्रेक्षण

अध्ययन के अधीन विकृति का स्वरूप आवर्तक है । दो रोगियों में एच डी आर एस और सी जी आई में कुछ कमी आई । तथापि केवल इसी मूल्यांकन के आधार पर कुछ निश्चयात्मक टिप्पणी करना जल्दबाजी है ।

II. रजोनिवृत्ति काल के वर्षों के दौरान होने वाले कष्ट के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका का पता लगाने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

परिचय

बच्चे को जन्म देने की आयु के पश्चात लगभग सभी महिलाएं, मासिक धर्म बंद हो जाने के तुरंत पहले और बाद कष्टदायक नैदानिक अभिव्यक्तियों से पीड़ित होती है । रजोनिवृत्ति को, एक वर्ष के लिए मासिक धर्म स्थायी रूप से बंद हो जाने के रूप में परिभाषित किया गया है और यह कोलिकूलर क्रिया समाप्त हो जाने के परिणामस्वरूप एस्ट्रोजन स्त्राव में होने वाली कमी के साथ शरीर विज्ञान की दृष्टि से सहसंबंधित है । तथापि इससे ठीक पहले के वर्ष और इसके पश्चात के दशक अधिक नैदानिक महत्व के होते हैं । रजोनिवृत्ति और पेरी–रजोनिवृत्ति संबंधी विकृतियों में कोई व्यवस्थित अनुसंधान अध्ययन किया गया प्रतीत नहीं होता है । इस विकृति में परिषद् ने कोई अध्ययन भी आरंभ नहीं किया है । इसलिए, रजोनिवृत्ति काल के वर्षों के दौरान होने वाले कष्ट से जुड़े लक्षणों और चिन्हों के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका निश्चयात्मक ढंग से निर्धारित करने के लिए एक नैदानिक अध्ययन 2005–06 में किया गया था ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या : 400 (प्रत्येक केन्द्र पर प्रति वर्ष 35 रोगी)

अध्ययन की अवधि : 3 वर्ष (नामांकन के लिए 2 वर्ष + अनुवर्तन के लिए 1 वर्ष) + अंतिम रिपोर्ट का संकलन करने के लिए 2 महीने

उद्देश्य

मुख्य

रजोनिवृत्ति काल के वर्षों के दौरान होने वाले कष्ट के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका का पता लगाना ।

गौण

1. हार्मोन एफ एस एच के स्तर पर निर्देशित होम्योपैथिक औषधियों के प्रभाव का मूल्यांकन करना ।
2. लीपिड प्रोफाइल में होने वाले परिवर्तनों को समझना ।
3. हड्डियों की सघनता में होने वाले परिवर्तनों को समझना ।

अध्ययन स्थल

अध्ययन निम्नलिखित स्थलों पर किया गया :

1. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, शिमला ।
2. औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद ।
3. नैदानिक अनुसंधान इकाई, रांची ।
4. नैदानिक अनुसंधान इकाई, पांडिचेरी ।
5. नैदानिक अनुसंधान इकाई, चेन्नई ।
6. नैदानिक अनुसंधान इकाई, ऊडुपी ।

पद्धति

अध्ययन में नामांकित रोगी, संस्थान और इकाइयों के वाहय रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए रोगियों और संलेख में विनिर्धारित शामिल किए जाने के मानदंड की शर्ते पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाये गए चिन्हों का संग्रह किया गया और औषध–शास्त्र देखने के पश्चात उपयुक्त औषधि निर्धारित की गई । सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के आधार पर होम्योपैथिक औषधियां निर्धारित की गई । अध्ययन में नामांकित किए गए रोगियों का अनुवर्तन संलेख में यथानिर्धारित नियमित रूप से किया गया ।

परीक्षित औषधियां

औषधि का चयन, अलग–अलग रोगियों के दर्शाये गए लक्षणों और चिन्हों का संग्रह करके किया गया । पहला नुस्खा उस औषधि का था जिसने, अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाये गए लक्षणों और चिन्हों में उच्चतम उपयोगिता दर्शायी और जो अलग–अलग रोगियों के मानसिक/भावात्मक और शारीरिक चिन्हों तथा सहवर्ती मामलों, यदि कोई हों, द्वारा नियंत्रित हो ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, अध्ययन में शामिल किए जाने के लिए 69 रोगियों को छांटा गया । इनमें से 29 जो शामिल किए जाने का मानदंड पूरा करते थे, को अध्ययन में नामांकित किया गया । अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई विभिन्न होम्योपैथिक औषधियों के प्रति अलग–अलग रोगियों की अलग–अलग प्रतिक्रिया थी ।

औषधि और पोटेंसी

	औषधि निर्धारित किए गए रोगियों की संख्या	निम्नलिखित रूप में राहत प्राप्त रोगियों की संख्या		
		अच्छी खासी	सामान्य	मध्यम
क्रोटेलस होराइडस 30	1	0	0	2
क्रियोजोट 30	1	0	0	1
लैकेसिस 30	2	0	0	1

इनमें से 02 रोगियों में अति सुधार, 01 में मध्यम, 08 ने अल्प सुधार महसूस किया । चार ने कोई सुधार महसूस नहीं किया और 03 ने नियमित रूप से सूचना नहीं दी । चार रोगियों को अध्ययन से बाहर निकाल दिया गया और 07 रोगी उपचाराधीन थे ।

अध्ययन के दौरान सत्यापित की गई औषधियों के गुण/नैदानिक रोगलक्षण

क्रोटेलस होराइडस 30 – उष्ण लालिमा, चिन्ता, धड़कन तेज होना ।

क्रियोजोट 30 – उष्ण लालिमा, श्वेत प्रदर, पेरीनीयम में ड्रेगिंग अनुभूति ।

लैकेसिस 30 – उष्ण लालिमा और चिन्ता ।

प्रेक्षण

जब रजोनिवृत्ति वाली महिलाओं को होम्योपैथिक औषधियां क्रोटेलस होराइडस 30, क्रियोजोट 30, लैकेसिस 30, नाइट्रिक एसिड 30 निर्धारित की गई तो चिन्हों अर्थात उष्ण लालिमा, चिन्ता, धड़कन, श्वेत प्रदर आदि में काफी सुधार देखा गया ।

III. परंपरागत चिकित्सीय उपचार प्रतिरोधी खंडित मनस्कता वाले रोगियों में होम्योपैथिक चिकित्सीय हस्तक्षेप के लाभ और व्यवहार्यता का मूल्यांकन करना । उपचार के किसी अन्य रूप के अलावा नए रोगियों में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका का पता लगाना ।

विचार, अवबोधन, मनोविकार, संचलन और आचरण वाले रोग के लक्षणों और चिन्हों की अधिकता में खंडित मनस्कता अभिव्यक्त होती है । रोगियों के बीच काफी विभिन्नताएं सृजित करते हुए, यह अभव्यक्तियां अनेक तरीकों से संयुक्त होती हैं परंतु बीमारी का संचयी प्रभाव सदैव तीव्र और आमतौर पर लंबे समय तक रहने वाला होता है । परिषद् 1984 से कोट्टायम में व्यवहारजन्य विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों का नैदानिक मूल्यांकन कर रही है । सन् 2002 तक खंडित मनस्कता के 743 रोगियों का अध्ययन किया गया । छियासठ प्रतिशत रोगियों में विभिन्न चरण की सुधार दरों (मध्यम से अच्छा खासा तक) का अवलोकन किया गया । हालांकि यह अध्ययन एक खुला परीक्षण था जिसमें मूल्यांकन के कोई सख्त मापदंड नहीं थे, फिर भी नैदानिक प्रतिक्रिया दर उत्साहजनक थी जिसमें खंडित मनस्कता के नियंत्रण में होम्योपैथी की सकारात्मक भूमिका का सुझाव दिया गया । अध्ययन के मानकीकरण की कमी के कारण, खंडित मनस्कता में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका निश्चयात्मक रूप से निर्धारित नहीं की जा सकी । इसलिए, मौजूदा अध्ययन की योजना अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकार किए जाने वाले निश्चित परिणामी मानदंडों वाले विस्तृत वैज्ञानिक संलेख के आधार पर तैयार की गई । यह प्रयास किया जाता है कि रोगियों का रोगनिदान आई.सी.डी 10 वर्गीकरण के अंतर्गत निर्धारित किए गए मानदंड के अनुसार किया जाए और संलेख में दिए गए मार्गनिर्देशों के अनुसार उनका अनुवर्तन किया जाए ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या : 300 (प्रत्येक केन्द्र पर 50 रोगी प्रति वर्ष)

अध्ययन की अवधि : 3 वर्ष (नामांकन के लिए 2 वर्ष + अनुवर्तन के लिए 1 वर्ष) + अंतिम रिपोर्ट का संकलन करने के लिए 2 महीने ।

उद्देश्य

खंडित मनस्कता में होम्योपैथिक चिकित्सीय हस्तक्षेप की व्यवहार्यता का मूल्यांकन करना ।

उपचार के किसी अन्य रूप के अलावा नए रोगियों में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका का पता लगाना ।

होम्योपैथिक उपचार का मूल्यांकन करना ।

खंडित मनस्कता के मनोविकृति औषध प्रतिरोधी रोगियों (अर्थात 50 प्रतिशत से अधिक सुधार नहीं) में तीव्र उत्तेजनाओं में आमतौर पर उपयोगी उपचारों के मुख्य निदर्शनों का पता लगाना ।

घटनाओं की पुनरावृत्ति को रोकना ।

केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम ।

रोगमुक्त रोगियों की संख्या

28

4

1

1

2

1

1

1

1

1

2

पद्धति

अध्ययन में नामांकित रोगी, संस्थान के वाहय रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए रोगियों और संलेख में विनिर्धारित शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । योग्यता का निर्धारण मनोचिकित्सकों द्वारा मानक मानदंड (आई.सी.डी. 10) और इंस्ट्रुमेंट ब्रीफ साइकेकिट्रक रेटिंग स्केल (बी.पी.आर.एस.) का इस्तेमाल करके किया गया । सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के आधार पर होम्योपैथिक औषधियों का निर्धारण किया गया । अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाए गए चिन्हों का संग्रह किया गया और होम्योपैथिक औषध–शास्त्र देखने के पश्चात उपयुक्त औषधि निर्धारित की गई । अध्ययन में नामांकित किए गए रोगियों का अनुवर्तन संलेख में यथानिर्धारित नियमित रूप से किया गया ।

परीक्षित औषधियां

औषधियों का चयन, अलग–अलग रोगियों के दर्शाये गए लक्षणों और चिन्हों, मानसिक/भावात्मक अभिलक्षण और शारीरिक लक्षणों के आधार पर किया गया ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, अध्ययन में शामिल किए जाने के लिए 19 रोगी छांटे गए । उनमें से 16, जो शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करते थे, को अध्ययन में नामांकित किया गया । अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई विभिन्न औषधियों के प्रति अलग–अलग प्रतिक्रिया थी । इन औषधियों को नीचे सारणीकृत किया गया है :

औषधि और पोटेंसी	औषधि निर्धारित किए गए रोगियों की संख्या	निम्नलिखित रूप में राहत प्राप्त रोगियों की संख्या		
		अति सुधार	मध्यम	अन्य
आर्सेनिक एल्बम 30,200,1 एम.	2	0	0	1
बेलाडोना 200,1 एम.	3	0	0	2
लाइकोपोडियम 200	2	0	0	1
नक्स वोमिका 30,200,1 एम.	4	0	0	2
फास्फोरस 30,200,1 एम.	3	0	0	1
स्ट्रामोनियम 30,200,1 एम.	4	0	0	3
सल्फर 30,200,1 एम.	7	0	0	3

रोगियों के नैदानिक प्रस्तुतीकरण पर निर्भर करते हुए कुछ रोगियों ने एक से अधिक औषधि प्राप्त की । अध्ययन के दौरान सत्यापित की गई औषधियों के लक्षण/नैदानिक रोगलक्षण :

आर्सेनिक एल्बम – बेचैनी, उत्पीड़न की भ्रान्ति, आत्म विस्मृति, वाचालता, थुकना, व्यर्थ की बात करना, इशारेबाजी करना, उदासी, चिड़चिड़ापन, नहाने से विमुखता, हंसना, गर्वयुक्त बात करना, चिन्ता, नींद न आना ।

बेलाडोना – हंसना, दांत पीसना, रोना, बड़बड़ाना, नींद न आना, साथ रहने से विमुखता, हाथी का डर, काले व्यक्तियों का डर, बचकाना व्यवहार, मृत्यु की इच्छा करना, नंगा हो जाने की इच्छा, उदासी, नाक पर पसीना आना ।

लाइकोपोडियम – बेचैनी, मटरगश्ती, नींद न आना, श्रवण संबंधी मतिभ्रम, शोर का डर, कब्ज, गोपन, धूम्रपान की इच्छा, गरजवाले तूफान का डर ।

नक्स वोमिका – सुनने की भ्रान्ति, दृष्टि संबंधी मतिभ्रम, साथ रहने से विमुखता, हंसना, धूम्रपान की अभिलाषा, भ्रान्ति, नींद न आना ।

फास्फोरस – काले व्यक्तियों का डर, आत्म विस्मृति, हंसना, श्रवण संबंधी मतिभ्रत, सुस्ती, क्रोध, डर से बीमार हो जाना, कुत्तों से डर जाना, मटरगश्ती, धार्मिक, याददाश्त कमजोर, हंसना, भड़कीला दीखना, अन्यमनस्कता ।

स्ट्रामोनियम – धार्मिक प्रेम, गाली देना, क्रोध, दृष्टि संबंधी मतिभ्रम, कागज एकत्रीकरण और धुलाई करने की इच्छा, साथ रहने से विमुखता, मतिभ्रम, प्रार्थना करना, ईश्वर से संप्रेशण का भ्रम, निन्दा करना, अवज्ञाकारी, इशारेबाजी करना, मार डालने की इच्छा, हंसना, व्यर्थ की बात करना, बड़बडाना, बेचैनी ।

सल्फर – सुस्ती, अलग रहना, कम बात करना, नींद न आना, कार्य के प्रति विमुखता, रोना, अधिक भूख लगना, अधिक प्यास लगना, निन्दा करना, हंसना, सोचना, खूब पसीना आना, ध्यान केन्द्रित करने में कठिनाई ।

अध्ययन में नामांकित रोगियों का अनुवर्तन केवल 6 महीने तक किया गया है जो कोई निश्चित टिप्पणी करने के लिए बहुत कम समय है । तथापि, 03 रोगियों में सी.जी.आई. (क्लिनीकल ग्लोबल इंप्रैशन स्केल) देखा गया ।

बच्चों में तीव्र रहीनाइटिस के नियंत्रण में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक, खुला नैदानिक परीक्षण ।

ऊपरि श्वसन नली के संक्रमण में, चिकित्सकों और अन्य प्राथमिक उपचार प्रदायकों द्वारा सामना किए गए सामान्य आम संक्रमण रोगों में से कुछ रोग शामिल हैं । ग्रसनीशोथ, स्वरयंत्रशोथ, रहीनाइटिस, साइनुसाइटिस, कर्णशोथ एक्सटेरना और कर्णशोथ मीडिया के कारण हर वर्ष कई हजार रोगी चिकित्सकों के पास जाते हैं ।

रोगमुक्त रोगियों की संख्या
28
4
1
1
2
1
1
1
1
1
2
1
1
26
5
2
1

हालांकि ऐसे संक्रमण आमतौर पर इतने हल्के होते हैं कि उनका उपचार वाहय रोगी आधार पर किया जा सकता है फिर भी प्राथमिक उपचार करने वाले चिकित्सक को ग्रसनीशोथ से पेरिटोन्सीलर फोड़े, साइनुसाइटिस से उपपरिअस्थिक फोड़े और आक्रामक कर्णशोथ एक्सटेरना से अल्पकालिक अस्थि मृदुलता जैसी उनकी गंभीर जटिलताओं को समझने योग्य होना चाहिए । चिकित्सक को कण्डच्छद, लुडविग का कण्ठशूल और नासिक प्रमस्तिश्कीय श्लेषमल कवकता जैसे सिर और गर्दन के, जीवन के लिए घातक संभावित खतरों का भी पता लगाना चाहिए । इसलिए, बच्चों में तीव्र श्हीनाइटिस से जुड़े लक्षणों और चिन्हों के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका निर्धारित करने के लिए एक अध्ययन की योजना बनाई गई ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या : 500 (प्रत्येक केन्द्र में प्रतिवर्ष 50 रोगी)

अध्ययन की अवधि : 2 वर्ष + अंतिम रिपोर्ट का संकलन करने के लिए 2 महीने ।

उद्देश्य

मुख्य

बच्चों में तीव्र श्हीनाइटिस में निम्नलिखित 13 होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता निर्धारित करना :

1. एकोनाइट
2. बेलाडोना
3. कार्बो वेजीटेबिलिस
4. कल्केरिया कार्बोनिकम
5. केमोमिला
6. डलकामारा
7. इलैप्स
8. हीपर सल्फ्युरिकम
9. काली बायोक्रोमिकम
10. मर्क्यूरियस सोल्यूबिलिस
11. नक्स वोमिका
12. पल्साटिल्ला
13. सल्फर

गौण

इस्तेमाल की गई औषधियों के विशेष चिन्हों का पता लगाना और उनका सत्यापन करना ।
अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई होम्योपैथिक औषधियों के संबंध में अतिरिक्त/नैदानिक चिन्हों का पता लगाना ।

होम्योपैथिक उपचार के अधीन चिन्हों की गहनता की मात्रा का मूल्यांकन करना।
रोग बढ़ने पर नियंत्रण में होम्योपैथिक उपचार की भूमिका का मूल्यांकन करना ।

अध्ययन स्थल

1. केन्द्रीय अनुसंधान संस्थान, कोट्टायम ।
2. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, इम्फाल ।
3. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, शिमला ।
4. नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुड़गांव ।
5. नैदानिक अनुसंधान इकाई, पोर्ट ब्लेयर ।

अवधि

अध्ययन में नामांकित रोगी, संस्थान के वाहय रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए रोगियों और शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई औषधियों के लक्षण, परीक्षण के अधीन और सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के अनुसार निर्धारित की गई औषधि के लिए अर्हक नहीं थे परंतु उनका उपचार किन्हीं अन्य रोगियों की तरह वाहय रोगी विभाग में किया गया । इस रोग की शीघ्र होने के कारण रोगियों का अनुवर्तन एक सप्ताह के लिए किया गया और इसके पश्चात परिणाम का मूल्यांकन किया गया ।

परीक्षित औषधियां

औषधियों का चयन, नैदानिक परीक्षण के लिए चुनी गई औषधियों में से किया गया । पहला नुस्खा उस औषधि का था जिसने अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाये गए लक्षणों और चिन्हों में उच्चतम उपयोगिता दर्शायी । इसके अलावा चयन, मानसिक/भावात्मक और शारीरिक चिन्हों तथा सहवर्ती बातों, यदि कोई हो, द्वारा नियंत्रित किया गया ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, अध्ययन में शामिल किए जाने के लिए 52 रोगी छांटे गए । उनमें से 24 को शामिल किए जाने के मानदंड पूरा करते थे, को अध्ययन में नामांकित किया गया । अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई विभिन्न औषधियों के प्रति अलग–अलग प्रतिक्रिया थी । इन औषधियों को नीचे सारणीकृत किया गया है :

औषधि और पोटेंसी	औषधि निर्धारित किए गए रोगियों की संख्या	निम्नलिखित रूप में राहत प्राप्त रोगियों की संख्या		
		अति सुधार	मध्यम	अल्प
बेलाडोना 6	2	1	1	0
मर्क्यूरियस सोल्यूबिलिस 6	2	1	0	0
नक्स वोमिका 6	4	1	1	2
पल्साटिल्ला 6	2	2	0	0

अध्ययन के दौरान सत्यापित की गई औषधियों के गुण/नैदानिक रोगलक्षण :

बेलाडोना – नाक बहना, पीले रंग का, गले और आंखों में जलन, ज्वर, नासिका में श्लेषमल, संकुलन, नेत्र श्लेषमला संकुलन ।

मर्क्यूरियस सोल्यूबिलिस – नाक बहना, छींके आना, नाक में पानीदार स्त्राव, स्त्राव के साथ नाक में अवरोधन, नासिका में संकुलन के साथ नाक, गले, आंखों में जलन ।

नक्स वोमिका – छींके आना, नाक बहना, पानीदार/पीला स्त्राव, नाक गले और आंखों में जलन, स्त्राव के साथ नाक में अवरोधन, नासिक में संकुलन ।

पल्साटिल्ला – पानीदार/पीला स्त्राव, नाक, गले और आंखों में जलन, स्त्राव के साथ नाक में अवरोधन, नासिका में श्लेषमल संकुलन ।

प्रेक्षण

परिणामों ने दर्शाया कि होम्योपैथिक औषधियों ने बच्चों में तीव्र र्‌हिनाइटिस के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की जैसा कि 'बेसलाइन स्कोर' से होने वाले अनुकूल परिवर्तन से स्पष्ट है । इसके अलावा, अध्ययन में नामांकित रोगियों में र्‌हिनाइटिस की पुनरावृत्ति के साथ बच्चों में आमतौर पर देखी जाने वाली किसी जटिलता का कोई आपतन नहीं हुआ ।

V. सुसाध्य प्रॉसटेट अतिवृद्धि (बी.एच.पी.) में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

परिचय

प्रॉसटेट की अतिवृद्धि ऐसे रोगों में से एक है जो बूढ़े पुरूषों को प्रभावित करती है और यदि उपचार न किया जाए तो रोगी व्यक्ति को उसके बाकी जीवन के लिए अक्षम बना देती है । चालीस वर्ष की आयु से प्रॉसटेट के आकार में औसतन 2.4 घन से.मी. प्रतिवर्ष वृद्धि होती है । यह प्रक्रिया, प्रॉसटेट के परिमूत्रमार्ग (केन्द्रीय) जोन में

...होती है और विभिन्न मात्राओं में ग्रंथीय और पीठिका टिशू दोनों को शामिल कर लेती है । साठ वर्ष से संबद्ध ...लक्षण आम होते हैं और 80 वर्ष से अधिक की आयु के 50 प्रतिशत पुरूषों में सुसाध्य प्रॉसटेट अतिवृद्धि (बी.पी. ...) से संबद्ध नीचली मूत्रांग संबंधी रोगलक्षण होंगे । रोग के बढ़ने या जटिलताओं का खतरा निश्चित नहीं होता है ...यपि यह बात स्पष्ट है कि रोगसूचक रोग वाले पुरूषों में रोग का बढ़ना अपरिहार्य नहीं है और बी.एच.पी. वाले ...व्यक्ति तीव्रता से सुधार या अपने रोगलक्षण समाप्त होने का अनुभव करते हैं ।

उपलब्ध सूचना की समीक्षा दर्शाती है कि बी.एच.पी. के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका निर्धारित ...ने के लिए कोई महत्वपूर्ण अनुसंधान नहीं किया गया है । इसके अलावा, होम्योपैथिक चिकित्सीय पुस्तकों और ...में दी गई रिपोर्ट के अनुसार, बी.एच.पी. के होम्योपैथिक उपचार के मौजूदा रिकार्डों का वैज्ञानिक वैधीकरण ...जाने की आवश्यकता है । इसलिए परिषद् ने वर्ष 2005–06 में बी.एच.पी. के नियंत्रण में होम्योपैथिक औषधियों ...भूमिका निर्धारित करने के लिए एक अध्ययन आरंभ किया है ।

...ययन में नामांकित किए जाने वाले ...रोगियों की संख्या	:	650 (प्रत्येक केन्द्र में प्रतिवर्ष 50 रोगी)
...ययन की अवधि	:	3 वर्ष (नामांकन के लिए 2 वर्ष + अनुवर्तन के लिए 1 वर्ष) + अंतिम रिपोर्ट के संकलन के लिए 2 महीने ।

...सुसाध्य प्रॉसटेट अतिवृद्धि में निम्नलिखित 20 होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता ...रित करना :

1. एपिस मेलीफिका
2. आर्जेण्टम नाइट्रिकम
3. बैराइटा कार्बोनिकम
4. कल्केरिया कार्बोनिकम
5. चिमाफिला
6. कोनियम मैकूलेटम
7. डिजिटैलिस परपुरिया
8. हायोसायमस
9. लाइकोपोडियम
10. मेडोहीनम
11. मर्क्युरियस सोल्यबिलिस

12. नाइट्रिक एसिडम
13. परेरा ब्रैवा
14. फास्फोरस
15. पल्साटिल्ला
16. सेलेनियम
17. साइलीशिया
18. स्टैफिसैग्रिया
19. सल्फर
20. थूजा आक्सिडेन्टैलिस

गौण

इस्तेमाल की गई औषधियों के विशिष्ट रोगलक्षण निर्धारित करना और उनका सत्यापन करना ।
रोग को बढ़ने से रोकना ।

अध्ययन स्थल

1. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, नई दिल्ली ।
2. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाड़ा ।
3. होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ।
4. नैदानिक अनुसंधान व महामारी सैल, भोपाल ।
5. नैदानिक अनुसंधान इकाई, सिलीगुड़ी ।
6. नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति ।

पद्धति

अध्ययन में नामांकित रोगी, संस्थान के वाहय रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए रोगियों और संलेख में विनिर्धारित शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाये गए चिन्हों का संग्रह किया गया और होम्योपैथिक औषध–शास्त्र को देखने के पश्चात उपयुक्त औषधि निर्धारित की गई । होम्योपैथिक औषधियां, सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के आधार पर निर्धारित की गई । अध्ययन में नामांकित रोगियों का अनुवर्तन, संलेख में यथा विनिर्धारित नियमित रूप से किया गया ।

यदि कोई रोगी, पूर्व–परिभाशित औषधियों में से कोई औषधि प्राप्त करने योग्य नहीं था तो उसे अध्ययन में नामांकित नहीं किया गया परंतु किसी अन्य निर्देशित औषधि से वाहय रोगी विभाग में उसका उपचार किया गया ।

...त औषधियां

औषधियों का चयन, नैदानिक परीक्षण के लिए चुनी गई 20 औषधियों में से किया गया । पहला नुस्खा उस ...का था जिसने रोग के दर्शाये गए लक्षणों और चिन्हों में उच्चतम उपयोगिता दर्शायी और इसका चयन, ...क/भावात्मक लक्षणों और शारीरिक चिन्हों तथा सहवर्ती बातों, यदि कोई हो, द्वारा नियंत्रित हुआ ।

...

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, अध्ययन में शामिल किए जाने के लिए 142 रोगी छांटे गए । इनमें से 03, ...मिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करते थे, को अध्ययन में नामांकित किया गया । अध्ययन के दौरान ...की गई विभिन्न होम्योपैथिक औषधियों के प्रति अलग–अलग प्रतिक्रियाएं थी । यह औषधियों नीचे ...त की गई हैं :

...धि और पोटेंसी	औषधि निर्धारित किए गए रोगियों की संख्या	निम्नलिखित रूप में राहत प्राप्त रोगियों की संख्या		
		अति सुधार	मध्यम	अल्प
...डियम 30	3	–	3	–

...संभवतः कोई निश्चयात्मक प्रेक्षण नहीं किया जा सका क्योंकि अध्ययन के अधीन रोगियों के अनुवर्तन का ...कम था और बी.एच.पी. का स्वाभाविक इतिहास अनेक वर्षों में फैला हुआ था । अध्ययन में पर्याप्त संख्या ...का नामांकन करने के पश्चात ही निश्चयात्मक प्रेक्षण किया जाएगा ।

...पुराने साइनुसाइटिस में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने के लिए एक ...बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

...साइनुसाइटिस एक ऐसी उत्तेजक स्थिति में संबंधित है जिसमें नासिका की कोटरिकाओं के चारों ओर चार ...संरचनाएं होती हैं । शिरानालों को पूर्ववर्ती समूह (जंभिका, पूर्ववर्ती झर्झरिकास्थि और अग्रवती शिरानाल) ...परवर्ती समूह (परवर्ती झर्झरिकास्थि और जातूकास्थि) शिरानालों में विभाजित किया जाता है । हालांकि ...साइटिस के रोगियों में एक से अधिक शिरानाल होते हैं परंतु जंभिका शिरोनाल सबसे आम होता है । ...के क्रम में झर्झरिकास्थि, अग्रवर्ती और जातूकास्थि इसके बाद आते हैं ।

रोगमुक्त रोगियों की संख्या

28

4

1

1

2

1
1

1
1

1

2
1

1

26
5

2
1

1

1

1

1

तीव्र साइनुसाइटिस को चार सप्ताह से कम की अवधि के साइनुसाइटिस के रूप में परिभाषित किया जाता है । चिरकालिक साइनुसाइटिस, 12 सप्ताह से अधिक रहने वाले शिरानाल उत्तेजना के चिन्हों के कारण होता है । यह बीमारी सबसे अधिक आमतौर पर या तो जीवाणु या फफूँद से संबंद्ध होती है और अधिकांश रोगियों में नैदानिक रोगमुक्ति बहुत कठिन है । बहुत से रोगियों ने जीवाणु प्रतिरोधी एजेंटों और बहुविध शिरानाल शल्यचिकित्साओं के बार–बार कोर्सों से उपचार कराया जिससे जीवाणु प्रतिरोधी रोगजनक और शल्यचिकित्सा संबंधी समस्याओं के साथ उपनिवेशन का खतरा बढ़ गया । रोगी अक्सर बहुत वर्षों तक अत्याधिक रूग्णता से पीड़ित रहते हैं । आधुनिक औषधियां इस बात को स्वीकार करती हैं कि चिरकालिक साइनुसाइटिस में पूरी तरह रोगमुक्ति नहीं है और इसलिए मूलभूत शल्यचिकित्सा ही इसका विकल्प है ।

केन्द्रीय होम्योपैथिक अनुसंधान परिषद् ने चार केन्द्रों, गंगटोक (1991–2003), विजयवाढा (1988–2003), चेन्नई (1988–2003) और शिमला (1985–1999) में साइनुसाइटिस (खुला परीक्षण) पर अध्ययन किए गए हैं । अध्ययन में 1869 रोगियों को नामांकित किया गया और होम्योपैथी के प्रभावीकरण के लिए उनका विश्लेशण किया गया । अध्ययन के निष्कर्ष पर 55 प्रतिशत की सुधार दर (अलग–अलग स्तरों पर) की सूचना दी गई । स्वास्थ्यकर, संपूर्णता और रोगात्मक आधार पर रोगियों का अनुवर्तन किया गया । तथापि, वस्तुपरक मूल्यांकन के लिए किसी पूर्वनिर्धारित संलेख या मानदंडों का अनुसरण नहीं किया गया, विभिन्न केन्द्रों से प्राप्त परिणामों में एकरूपता नहीं थी । इसलिए, अध्ययनों में कोई निश्चयात्मक निष्कर्ष नहीं निकला । तथापि, रोगियों में से 55 प्रतिशत में व्यक्तिपरक सुधार में साइनुसाइटिस के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की सकारात्मक भूमिका की सूचना दी गई । इसलिए, परिणामों के मूल्यांकन के लिए, पूरे विश्व में अपनाए जाने वाले सभी मानदंडों के साथ एक बहुकेन्द्रिक नैदानिक परीक्षण आरंभ किया गया ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या	:	500 (प्रत्येक केन्द्र में प्रतिवर्ष 50 रोगी)
अध्ययन की अवधि	:	3 वर्ष (नामांकन के लिए 2 वर्ष + अनुवर्तन के लिए 1 वर्ष) + अंतिम रिपोर्ट के संकलन के लिए 2 महीनें ।

उद्देश्य

मुख्य

चिरकालिक साइनुसाइटिस में निम्नलिखित 17 होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता निर्धारित करना :

1. आर्सेनिक एल्बम
2. कल्केरिया कार्बोनिकम
3. क्युप्रम मेटालिकम
4. हिपर सल्फ. कल्केरियम
5. हाइड्रैस्टिस
6. काली बाइक्रोमिकम
7. काली क्लोरिकम
8. काली आयोड.
9. क्रियोजोट
10. लाइकोपोडियम
11. मर्क्युरियस सोल्यबिलिस
12. नक्स वोमिका
13. फास्फोरस
14. पल्साटिल्ला
15. सैंग्वीनेरिया
16. साइलीशिया
17. थूजा आक्सिडेण्टैलिस

होम्योपैथिक औषधि की भूमिका का पता लगाना और इस्तेमाल की गई औषधि के सत्यापित विशिष्ट ... स्थापित करना ।

चिरकालिक साइनुसाइटिस के कारण होने वाले रोगजनक परिवर्तनों को उलटने में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका का मूल्यांकन करना ।

अलग–अलग सघनता के नियंत्रण के लिए सबसे अधिक उपयोगी रणनीति निर्धारित करना ।

रोग को पुनरावृत्ति से रोकना ।

... स्थल

जनशक्ति की पर्याप्तता, प्रयोगशाला संबंधी जांच–परख की सुविधाओं और संस्थान में अनुसंधान से ... कार्मिकों की सहयोगशीलता को ध्यान में रखते हुए, अनुसंधान संबंधी अध्ययन करने के लिए निम्नलिखित ... / इकाइयों का चयन किया गया :

1. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), शिमला ।
2. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान (होम्यो.), जयपुर ।
3. नैदानिक अनुसंधान इकाई (होम्यो.), ऊडुपी ।
4. नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी.), अगरतला ।
5. नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी.), गंगटोक ।
6. नैदानिक अनुसंधान इकाई (टी.), शिलांग ।

अध्ययन में नामांकित किए गए रोगी, संस्थान के वाहय रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए और ... विनिर्धारित शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । अलग–अलग

रोगमुक्त रोगियों की संख्या
28
4
1
1
2
1
1
1
1
1
2
1
1
26
5
2
1
1
1
1
1

रोगियों द्वारा दर्शाये गए रोगलक्षण का संग्रह किया गया और होम्योपैथिक औषध–शास्त्र को देखने के पश्चात, परीक्षण के अधीन औषधियों में से उपयुक्त औषधि निर्धारित की गई । होम्योपैथिक औषधियां, सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के आधार पर निर्धारित की गई । अध्ययन में नामांकित रोगियों का अनुवर्तन, संलेख में यथा विनिर्धारित नियमित रूप से किया गया । परीक्षण के अधीन औषधियों में से कोई औषधि प्राप्त करने के पात्र न पाए गए रोगियों को अध्ययन में शामिल नहीं किया गया परंतु उनका उपचार, वाहय रोगी विभाग में अन्य रोगियों की तरह किया गया ।

परीक्षित औषधियां

औषधियों का चयन, नैदानिक परीक्षण के लिए चुनी गई 17 औषधियों में से किया गया । पहला नुस्खा उस औषधि का था जिसने रोग के दर्शाये गए लक्षणों और चिन्हों में उच्चतम उपयोगिता दर्शायी और इसका चयन मानसिक/भावात्मक और शारीरिक चिन्हों तथा सहवर्ती बातों, यदि कोई हो, द्वारा नियंत्रित हुआ । औषधि के चयन को होम्योपैथिक औषध–शास्त्र देखकर अंतिम रूप दिया गया ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, अध्ययन में शामिल किए जाने के लिए 172 रोगियों को छांटा गया । इनमें से 14, जो शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करते थे, को अध्ययन में नामांकित किया गया । अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई होम्योपैथिक औषधियों के प्रति अलग–अलग प्रतिक्रियाएं थी । यह औषधियां नीचे सारणीकृत की गई हैं :

औषधि और पोटेंसी

औषधि निर्धारित किए गए रोगियों की संख्या	निम्नलिखित रूप में राहत प्राप्त रोगियों की संख्या		
	अति सुधार	मध्यम	अल्प
काली बाइक्रोमिकम 30	5	—	—
साइलीशिया 30	4	1	—
लाइकोपोडियम क्लेवेटम 30	2	—	—
मर्क्युरियस सोल्युबिलिस 30	1	—	—

सत्यापित औषधियों के लक्षण/नैदानिक रोगलक्षण :

काली बाइक्रोमिकम – नाक का अवरोधन, दर्द शिरानाल, नाक से स्त्राव, बाद में नाक टपकना, कफोत्सारण के साथ खांसी, दुर्गन्ध श्वास, घ्राणनाश, एपिक्सटाक्सिस, सामान्य उष्ण अनुभूति ।

साइलीशिया – नाक का अवरोधन, दर्द शिरानाल, नाक से स्त्राव, बाद में नाक टपकना, कफोत्सारण के साथ खांसी, दुर्गन्ध श्वास, घ्राणनाश ।

लाइकोपोडियम क्लेवेटम – नाक का अवरोधन, दर्द शिरानाल, नाक से स्त्राव, बाद में नाक टपकना, कफोत्सारण के साथ खांसी, दुर्गन्ध श्वास, घ्राणनाश, उदर वायु, डकारें ।

मर्क्युरियस सोल्यूबिलिस – नाक में अवरोधन, दर्द शिलानाल, नाक से स्त्राव, बाद में नाक टपकना, कफोत्सारण के साथ खांसी, दुर्गन्ध श्वास, घ्राणनाश, अत्याधिक लार टपकना ।

निष्कर्ष

परिणामों ने दर्शाया कि अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई होम्योपैथिक औषधियों ने चिरकालिक साइनुसाइटिस के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की । इसके अलावा, चिरकालिक साइनुसाइटिस से संबंद्ध किसी जटिलता का कोई आपतन नहीं हुआ । चूंकि अध्ययन किए जाने वाले रोगियों की संख्या बहुत कम थी और अनुवर्तन का समय बहुत कम था, इसलिए कोई निश्चयात्मक प्रेक्षण नहीं किया जा सका ।

चर्चा

मधुमेह दूरवर्ती प्रतिसाम्य (मुख्यतः संवेदी) बहुतंत्रिकारोग में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

परिचय

मधुमेह मेलीटस पूरे विश्व में एक बहुत आम चयापचयी सिन्ड्रोम है । हालांकि मधुमेह को नियंत्रण में रखा जा सकता है परंतु फिर भी मधुमेह की जटिलताएं अनियंत्रित रोगियों में, रूग्णता और मृत्यु का मुख्य कारण हैं । मधुमेह तंत्रिकारोग, अपेक्षाकृत मधुमेह का आरंभिक और आम समस्या है । इसका बने रहना मधुमेह की अवधि और चयापचयी नियंत्रण की मात्रा से संबंधित होता है । यह अधिकतर 40 वर्ष और इससे अधिक आयु के मधुमेह रोगियों और कम से कम 20 वर्ष से निदान किए गए रोगियों में हमेशा मौजूद रहता है । कुछ रिपोर्टों से यह सूचना मिलती है कि जिन रोगियों का मधुमेह नियंत्रण में भी रहता है उनमें भी मधुमेह तंत्रिका रोग को परंपरागत औषधियों द्वारा प्रभावी ढंग से नियंत्रित नहीं किया जा सकता ।

होम्योपैथिक साहित्य में उपलब्ध सूचना से संकेत मिलता है कि मधुमेह से संबंधित तंत्रिकारोग में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता को प्रकाश में लाने के लिए अब तक कोई महत्वपूर्ण कार्य नहीं किया गया है । होम्योपैथिक औषधियों से मधुमेह से संबंधित तंत्रिकारोग के उपचार के कुछ निर्देशन मौजूद हैं परंतु वैधीकरण के लिए परिणामों के दोहराए जाने की आवश्यकता है । इसलिए, परिषद ने वर्ष 2005–06 में, पूर्व चयनित औषधि (मधुमेह और इसकी जटिलताओं में उपयोगी बताई गई) होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका निर्धारित करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक नैदानिक अध्ययन आरंभ किया ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या : 500 (प्रत्येक केन्द्र में प्रतिवर्ष 50 रोगी) छोड़कर जाने वाले रोगियों की संख्या को भी ध्यान में रखा गया है ।

अध्ययन की अवधि : 4 वर्ष (अध्ययन के लिए 2 वर्ष + अनुवर्तन के लिए 1 वर्ष + पुनरावृति की जांच के लिए 1 वर्ष) + अंतिम रिपोर्ट के संकलन के लिए 2 महीने ।

उद्देश्य

मुख्य

मधुमेह, दूरवर्ती प्रतिसाम्य बहुतंत्रिका रोग के चिरकालिक चरण में निम्नलिखित 14 होम्योपैथिक औषधियों और तीव्र चरण में निम्नलिखित 08 होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता निर्धारित करना :

चिरकालिक चरण

1. सल्फर
2. लाइकोपोडियम
3. रस टाक्स.
4. नक्स वोमिका
5. फास्फोरिक एसिड
6. फास्फोरस
7. आर्सेनिकम एल्बम
8. कोनियम मेक.
9. काक्कूलस
10. ओपियम
11. रोडोडेन्ड्रन
12. प्लैटिना
13. ग्रैफाइटिस
14. स्ट्रामोनियम

तीव्र चरण

1. सल्फर
2. कमोमिला
3. काली कार्ब.
4. लाइकोपोडियम
5. रस टाक्स.
6. ओपियम
7. प्लम्बम
8. कल्केरिया कार्ब.

इस्तेमाल की गई औषधि(यों) के विशिष्ट रोगलक्षण निर्धारित करना और उनका सत्यापन करना ।

रोग के बढ़ने से रोकना ।

निम्नलिखित नैदानिक निष्कर्षों पर भी अध्ययन में विचार किया जाएगा :

(क) रक्त शर्करा के स्तर का नियंत्रण ।

(ख) तंत्रिका रोग के लक्षणों और चिन्हों में परिवर्तन ।

(ग) अवरोधन धमनी रोग के लक्षणों और चिन्हों में परिवर्तन ।

अध्ययन स्थल

जनशक्ति की पर्याप्तता, प्रयोगशाला संबंधी जांच–परख की सुविधाओं और संस्थान में अनुसंधान से संबंधित कार्मिकों की सहयोगशीलता को ध्यान में रखते हुए, अनुसंधान संबंधी अध्ययन करने के लिए निम्नलिखित संस्थानों/इकाइयों का चयन किया गया है :

1. औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद ।
2. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुवाहाटी ।
3. नैदानिक अनुसंधान इकाई, तिरूपति ।
4. नैदानिक अनुसंधान इकाई, पांडिचेरी ।

पद्धति

अध्ययन में नामांकित किए गए रोगी, संस्थान के वाह्य रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए और संलेख में विनिर्धारित, शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । अलग–अलग रोगियों द्वारा दर्शाये गए चिन्हों का संग्रह किया गया और होम्योपैथिक औषध–शास्त्र को देखने के पश्चात, परीक्षण के अधीन औषधियों में से उपयुक्त औषधि निर्धारित की गई । होम्योपैथिक औषधियां, सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के आधार पर निर्धारित की गई । अध्ययन में नामांकित रोगियों का अनुवर्तन, संलेख में यथा विनिर्धारित प्रारूप में किया गया । परीक्षण के अधीन औषधियों में से कोई औषधि प्राप्त करने के पात्र न पाए गए रोगियों को अध्ययन में शामिल नहीं किया गया परंतु उनका उपचार, वाह्य रोगी विभाग में अन्य रोगियों की तरह किया गया ।

परीक्षित औषधियां

औषधियों का चयन, चिरकालिक चरण के लिए चुनी गई 14 औषधियों में से और तीव्र चरण के लिए चुनी गई 08 औषधियों में से किया गया ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, अध्ययन में शामिल किए जाने के लिए 86 रोगी छांटे गए । इनमें से 25, जो शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करते थे, को अध्ययन में नामांकित किया गया । अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई विभिन्न होम्योपैथिक औषधियों के प्रति अलग–अलग प्रतिक्रियाएं थी । यह औषधियां नीचे सारणीकृत की गई हैं :

औषधि और पोटेंसी	औषधि निर्धारित किए गए रोगियों की संख्या	निम्नलिखित रूप में राहत प्राप्त रोगियों की संख्या		
		अति सुधार	मध्यम	अल्प
एसिड फास्फोरिकम 30	3	0	1	2
आर्सेनिक एल्बम 30	1	0	0	1
कोनियम 30	1	0	0	1
लाइकोपोडियम क्लेवेटम 30	5	1	2	2
नक्स वोमिका 30	4	1	2	1
फास्फोरस 30	2	1	1	1

अध्ययन के दौरान सत्यापित औषधियों के लक्षण/नैदानिक रोगलक्षण :

एसिड फास्फोरिकम – मधुमेह मेलीटस, कमजोरी, मानसिक थकावट ।

आर्सेनिक एल्बम – मधुमेह मेलीटस, मानसिक बेचैनी, शारीरिक कमजोरी ।

कोनियम 30 – मधुमेह मेलीटस, कालपूर्व जराजीर्णता ।

लाइकोपोडियम क्लेवेटम 30 – मधुमेह मेलीटस, भाम को बढ़ जाना, स्मरणशक्ति कम जो जाना ।

नक्स वोमिका 30 – मधुमेह मेलीटस, संधिशोथ, श्वेत प्रदर ।

फास्फोरस 30 – मधुमेह मेलीटस, गर्मी के दौरान दर्द अधिक, बहुत अधिक प्यास के साथ ।

प्रेक्षण

परिणामों ने दर्शाया कि अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई होम्योपैथिक औषधियों ने मधुमेह तंत्रिकारोग के लक्षणों और चिन्हों से छुटकारा देने में सहायता की । चूंकि अध्ययन अभी–अभी आरंभ किया गया है और नामांकित किए गए रोगियों की संख्या कम है तथा अनुवर्तन अप्रर्याप्त है, इसलिए कोई निश्चयात्मक प्रेक्षण नहीं किया जा सका ।

VIII. बच्चों में तीव्र अतिसार रोग के नियंत्रण में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

भविष्य

एक अनुमान के अनुसार, पूरे विश्व में अतिसार से और उसके परिणामस्वरूप होने वाले निर्जलन से हर वर्ष दस मिलीयन बच्चों की मृत्यु हो जाती है और अतिसार के परिणामस्वरूप अनेक बच्चे कुपोषण तथा विलंबित विकास के शिकार हो जाते हैं । अतिसार को या तो मलत्याग की बारंबारता में वृद्धि या मलत्याग के सामंजस्य में कमी के रूप में परिभाषित किया गया है । हालांकि बच्चों में अतिसार के अधिकांश रोगी, वायरल, जीवाणु और परजीवी रोगजनकों के कारण होते हैं फिर भी अतिसार रोग वाले 50: से अधिक बच्चों में किसी विशिष्ट रोगजनक का आमतौर पर पता नहीं लगता है । बच्चों की बीमारियों में होम्योपैथिक औषधियां अत्याधिक प्रभावी बताई गई है । तथापि, बच्चों की बीमारियों के नियंत्रण में उनकी निश्चयात्मक भूमिका निर्धारित करने के लिए कोई व्यवस्थित अध्ययन किए जाने की सूचना प्राप्त नहीं हुई है । परिषद् ने, सितंबर 2003–मार्च 2004 की अवधि में अतिसार सहित, बाल विकृतियों में होम्योपैथिक औषधियों के नैदानिक परीक्षण आरंभ किए हैं । परिणामों ने बच्चों में अतिसार के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की सकारात्मक भूमिका दर्शायी है परंतु एक निश्चयात्मक निष्कर्ष को सुविधाजनक बनाने के लिए अध्ययन में नामांकित किए गए रोगियों की संख्या बहुत अधिक नहीं थी । इसने बच्चों के अतिसार रोग में एक बहुकेन्द्रिक अध्ययन को प्रोत्साहित किया ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या : 300 (प्रत्येक केन्द्र में 50 रोगी प्रतिवर्ष)

अध्ययन की अवधि : 2 वर्ष + अंतिम रिपोर्ट के संकलन के लिए 2 महीने ।

उद्देश्य

मुख्य

बच्चों में तीव्र अतिसार रोग में निम्नलिखत होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता निर्धारित करना :

1. एथूजा सिनापियम
2. कल्केरिया सल्फ्यूरिका
3. कल्केरिया कार्बोनिका
4. कमोमिला
5. मैग्नीशिया म्यूरिएटिकम
6. मर्क्युरियस सोल.
7. सोराइनम
8. इपिकाकुअन्हा
9. रियूम

10. साइलीशिया
11. स्ट्रामोनियम
12. सल्फर
13. फास्फोरस
14. पोडोफाइलम

गौण

इस्तेमाल की गई औषधियों के विशिष्ट रोगलक्षण निर्धारित करना और उनका सत्यापन करना ।
अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई होम्योपैथिक औषधियों के संबंध में अतिरिक्त नैदानिक रोगलक्षण, यदि कोई हों, का पता लगाना ।

अध्ययन स्थल

अध्ययन निम्नलिखित स्थलों पर किया जा रहा है :

1. औषध मानकीकरण इकाई (विस्तार), हैदराबाद ।
2. होम्योपैथिक औषध अनुसंधान संस्थान, लखनऊ ।
3. नैदानिक अनुसंधान इकाई, गुड़गांव ।

पद्धति

अध्ययन में नामांकित किए गए रोगी, संस्थान के वाहय रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए और शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । होम्योपैथिक औषधियां, सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के अनुसार, परीक्षण के अधीन औषधियों में से निर्धारित की गई । जो रोगी, पूर्व निर्धारित औषधियों में से कोई औषधि प्राप्त करने के पात्र नहीं थे, उन्हें अध्ययन में नामांकित नहीं किया परंतु उनका उपचार वाहय रोगी विभाग में अन्य रोगियों की तरह किया गया । यह एक तीव्र रोग होने के कारण, रोगियों का एक सप्ताह तक अनुवर्तन किया गया और इसके पश्चात परिणाम का मूल्यांकन किया गया ।

प्रेक्षण

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, संलेख की शर्तों के अनुसार केवल एक रोगी को छांटा गया और उसे अध्ययन में नामांकित किया गया । कोई निश्चयात्मक प्रेक्षण देना बहुत जल्दबाजी होगी ।

IX. तीव्र श्वास प्रणाल श्वसनीशोथ के नियंत्रण में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

परिचय

तीव्र श्वास प्रणाल श्वश्नीशोथ अक्सर तीव्र प्रतिश्याय के पश्चात होता है । यह, पिछले पुट्ठे में कष्ट, छाती में जकड़न के साथ उत्तेजक अनुत्पादक खांसी के साथ आरंभ होता है और यदि यह श्वसनी के साथ हो तो घरघराहट और श्वासहीनता हो जाती है । थूक आरंभ में कम मात्रा में या श्लेषमल होता है । एक या दो दिन के पश्चात थूक श्लेषमल पीपदार, अधिक मात्रा में और अक्सर रक्त से सना हुआ हो जाता है । तीव्र भवसनी संक्रमण, ज्वर (38–390 सी) और स्वेताणुवृद्धि के साथ जुड़ा हो सकता है ।

परिषद् ने जयपुर और गंगटोक स्थित अपनी अनुसंधान इकाइयों में एक नैदानिक अध्ययन आरंभ किया था । छः सौ ग्यारह रोगियों को नामांकित किया गया था । इनमें से 434 रोगियों ने होम्योपैथिक थैरेपी के प्रति अनुकूल प्रतिक्रिया दी । चूंकि यह अध्ययन श्वसनीशोथ के नियंत्रण में होम्योपैथिक थैरेपी की भूमिका निर्धारित करने के लिए आरंभ किया था, इसलिए परीक्षित औषधियों से संबंधित लक्षणों और चिन्हों को ही सत्यापित किया जा सका । कोई विशयपरक मूल्यांकन नहीं किया जा सका ।

पिछले अध्ययन के लाभ को संघटित करने की दृष्टि से और विशयपरक साक्ष्य द्वारा समर्थित निश्चयात्मक भूमिका निर्धारित करने के लिए वर्ष 2005–06 में एक समान संलेख के साथ एक बहुकेन्द्रिक अध्ययन आरंभ किया गया ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या	:	150 रोगी (प्रत्येक केन्द्र में 25 रोगी प्रतिवर्ष)
अध्ययन की अवधि	:	2 वर्ष और 2 महीने (अनुवर्तन सहित नामांकन के लिए 2 वर्ष और रिपोर्ट का संकलन करने के लिए 2 महीने)

उद्देश्य

मुख्य

तीव्र श्वास प्रणाल श्वसनीशोथ में निम्नलिखत होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता निर्धारित करना :

1. फास्फोरस
2. आर्सेनिकम एल्बम
3. पल्साटिल्ला
4. ब्रायोनिया
5. लाइकोपोडियम क्लेवेटम
6. नक्स वोमिका
7. इपिकाक.
8. काली कार्ब.

9. साइलीशिया
10. एकोनाइट नेप.
11. नेट्रम म्यूर.
12. स्पाँजिया
13. स्क्विल्ला
14. स्टैनम मेट.

गौण

इस्तेमाल की गई औषधियों के विशिष्ट रोगलक्षण निर्धारित करना और उनका सत्यापन करना ।
परीक्षण के अधीन होम्योपैथिक औषधियों के संबंध में अतिरिक्त/नैदानिक चिन्हों, यदि कोई हैं, का पता लगाना और
यह पता लगाना कि क्या अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई होम्योपैथिक औषधियों का किसी मौसम विशेष या उष्मीय परिवर्तनों के साथ कोई विशेष संबंध है या नहीं ।

अध्ययन स्थल

1. नैदानिक अनुसंधान इकाई, रांची ।
2. नैदानिक अनुसंधान इकाई, सीलीगुड़ी ।
3. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, शिमला ।

पद्धति

अध्ययन में नामांकित किए गए रोगी, संस्थान के वाहय रोगी विभाग में पंजीकृत किए गए और शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करने वाले रोगियों में से लिये गए । होम्योपैथिक औषधियां, परीक्षण के अधीन औषधियों में से सीमीलीमम के होम्योपैथिक सिद्धांत के अनुसार निर्धारित की गई । जो रोगी, पूर्व निर्धारित औषधियों में से कोई औषधि प्राप्त करने के पात्र नहीं थे, उन्हें अध्ययन में शामिल नहीं किया गया परंतु उनका उपचार वाहय रोगी विभाग में अन्य रोगियों की तरह किया गया । यह रोग तीव्र होने के कारण, रोगियों का एक सप्ताह तक अनुवर्तन किया गया और इसके पश्चात परिणाम का मूल्यांकन किया गया ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, संबंधित इकाइयों के वाहय रोगी विभाग में आए 79 रोगियों को अध्ययन के लिए छांटा गया । इनमें से 10 ने शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी की और उन्हें, अध्ययन में नामांकित किया गया । इनमें से एक ने अल्प सुधार दर्शाया और रिपोर्टिंग के समय 9 रोगी अभी चिकित्साधीन थे ।

प्रेक्षण

कोई निश्चयात्मक प्रेक्षण नहीं किया जा सका क्योंकि अब तक अध्ययन किए गए रोगियों की संख्या बहुत कम है ।

X. मधुमेह फुट अल्सर में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

परिचय

मधुमेह मेलीटस, गैर–अभिघातज निम्न अग्रांग विच्छेदन का एक मुख्य कारण है । फुट अल्सर और संक्रमण मधुमेह मेलीटस से पीड़ित व्यक्तियों में, विकृति का एक मुख्य स्त्रोत है ।

निम्न अग्रांग संबंधी समस्याएं या मधुमेह फुट का उद्भावन एक पेचीदा सिंड्रोम बनाता है और इसमें कुछ रोगमूलक कारकों जैसे तंत्रिका रोग, असामान्य फुट तंत्र, परिधीय संवहनी रोग, घाव का देर से भरना और संक्रमणों के प्रति बढ़ती प्रवृत्ति की अन्योन्यक्रिया होती है ।

निम्न अग्रांग की समस्या बढ़ने से संबद्ध खतरे वाले कारक हैं – पुरूष की कामवासना, 10 वर्ष की अवधि से अधिक का मधुमेह, फुट की समान्य संरचना अर्थात हड्डी की असामान्यता, कठोर विरचन, धुंधले नाखून, परिधीय संवहनी रोग, धूम्रपान और कम शर्करा नियंत्रण ।

परिषद् ने 1997–2003 में मधुमेह मेलीटस में एक नैदानिक अध्ययन आरंभ किया था । मधुमेह मेलीटस के 100 रोगियों (53 पुरूष और 47 महिलाएं) का नामांकन किया गया । रक्त शर्करा स्तर के नियंत्रण में सिफलैंड्रा इंडिका (मदर टिंचर) की भूमिका का पता लगाने के लिए इसका नैदानिक परीक्षण किया गया । इन रोगियों में से 92 ने नैदानिक प्रस्तुतीकरण और रक्त शर्करा स्तर दोनों में समान्य से लेकर अति सुधार तक अलग–अलग सुधार व्यक्त किए ।

प्रिंसेस दुरू शोहवार बाल चिकित्सालय, हैदराबाद के साथ एक सहयोगात्मक अध्ययन, अगस्त 2003 में मधुमेह फुट अल्सर के नियंत्रण में होम्योपैथिक औषधियों की प्रभावोत्पादकता का पता लगाने के लिए, उक्त अस्पताल में स्थित औषध मानकीकरण इकाई विस्तार इकाई में आरंभ किया गया । इस अवस्था वाले निदान किए गए 50 रोगियों को अध्ययन में नामांकित किया गया । परिणामों ने मधुमेह फुट अल्सर के नियंत्रण में होम्योपैथिक औषधी की सकारात्मक भूमिका दर्शायी ।

परिणामों का सत्यापन करने के लिए, क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडीवाढ़ा (आंध्र प्रदेश) और प्रिंसेस दुरू शोहवार बाल चिकित्सालय, हैदराबाद में काम कर रही औषध मानकीकरण इकाई, हैदराबाद विस्तार इकाई में एक बहुकेन्द्रिक अध्ययन आरंभ किया गया । अध्ययन का उद्देश्य मधुमेह फुट अल्सर से संबंधित रूग्णता कम करने और शल्यचिकित्सा के हस्तक्षेप की आवश्यकता कम करने में होम्योपैथिक औषधियों की भूमिका का मूल्यांकन करना है ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या	:	200 रोगी (प्रत्येक केन्द्र में 50 रोगी प्रतिवर्ष)
अध्ययन की अवधि	:	3 वर्ष (अध्ययन के लिए 2 वर्ष + अनुवर्तन के लिए 1 वर्ष + रिपोर्ट तैयार करने के लिए 1 महीना)

उद्देश्य

मुख्य

मधुमेह फुट अल्सर में निम्नलिखत होम्योपैथिक औषधि(यों) की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता निर्धारित करना :

1. सल्फर
2. फास्फोरिक एसिड
3. साइलीशिया
4. ओपियम
5. लाइकोपोडियम
6. मर्क्युरियस सोल.
7. आर्सेनिकम एल्बम
8. पल्साटिल्ला
9. लैकेसिस
10. कमोमिला
11. फास्फोरस
12. ग्रैफाइटिस
13. कल्केरिया कार्बो.
14. नेट्रम म्यूर.
15. सीकेल कौर्नूटम
16. ओलिएण्डर
17. रस टाक्स.
18. स्ट्रामोनियम
19. सीपिया
20. नक्स वोमिका

गौण

इस्तेमाल की गई औषधियों के विशिष्ट रोगलक्षण स्थापित करना और उनका सत्यापन करना ।

अध्ययन के दौरान इस्तेमाल की गई होम्योपैथिक औषधि(यों) के संबंध में अतिरिक्त / नैदानिक रोगलक्षण, यदि कोई हों, का पता लगाना ।

अध्ययन स्थल

1. औषध मानकीकरण इकाई (विस्तार), हैदराबाद (स्थल कोड – डी.एस. 01, ई) ।
2. क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान, गुडिवाढ़ा (स्थल कोड – आर.आई. 08) ।

पद्धति

परीक्षण वाली औषधियों का चयन, मधुमेह फुट अल्सर के चिन्हों का संग्रह करके किया गया है । यह संग्रह, संदर्भ पुस्तिका के रूप में रैपरटरी का इस्तेमाल करके किया गया । इस तथ्य पर विचार करते हुए कि यह अध्ययन मधुमेह फुट अल्सर से संबंधित है, रैपरटरी में "अच्छा न होने वाले अल्सर" और "निम्न अग्रांग पर अल्सर" शीर्षक के सामने उल्लिखित पहले चरण में (3 पाइंट) इसके पश्चात दूसरे चरण में (2 पाइंट) दी गई औषधियां छांटी गईं ।

परिवर्तनशीलता को और कम करने के लिए, सभी संबंधित शीर्षकों का संग्रह करने के पश्चात इन औषधियों में से प्रत्येक औषधि के विशिष्ट नियत चिन्हों का परिणाम भी निकाला गया ।

जो रोगी औषधियों में से कोई औषधि प्राप्त करने के पात्र नहीं थे, उन्हें अध्ययन में नामांकित नहीं किया परंतु उनका उपचार वाहय रोगी विभाग में अन्य रोगियों की तरह किया गया ।

उपचार से पहले, उपचार के दौरान और उपचार के पश्चात अल्सर के आकार, रूप और विस्तार का स्पश्ट दृश्य देते हुए उसी कोण और उतने ही फासले से अल्सर वाले अंग के चित्र लिये जाएंगे ।

परिणाम

रिपोर्ट के अधीन अवधि के दौरान, तीन रोगियों को छांटा गया । सभी तीन, शामिल किए जाने के मानदंड की शर्तें पूरी करते थे और उन्हें अध्ययन में शामिल किया गया ।

रिपोर्टिंग के समय तक तीनों में से किसी ने भी अपनी हालत में कोई सुधार नहीं दर्शाया था ।

अब तक जिन औषधियों का इस्तेमाल किया गया वह हैं : कल्केरिया कार्बे और लैकेसिस जिनकी पोटेंसी 30 से 200 तक भिन्न–भिन्न थी ।

साधारण और श्लेषमल पीपदार चिरकालिक श्वसनीशोथ में प्रभावोत्पादक होम्योपैथिक औषधियों का एक XI.

समूह तैयार करने के लिए एक बहुकेन्द्रिक खुला नैदानिक परीक्षण ।

परिचय

चिरकालिक श्वसनीशोथ, लगातार 2 वर्षों से अधिक तक, वर्ष में कम से कम 3 महीने तक कफोत्सारण के साथ खांसी का कारण बनने के लिए पर्याप्त अत्याधिक श्वासप्रणाल श्वसनीशोथ संबंधी श्लेषमल उत्पन्न करने से संबंध एक स्थिति है । सामान्य चिरकालिक श्वसनीशोथ एक ऐसी स्थिति है जो श्लेषमल थूक उत्पन्न होने का कारण बनती है । चिरकालिक श्लेषमल पीपदार श्वसनीशोथ, श्वसनिक जैसे स्थानिक पीप लाने वाले रोगों के अभाव में थूक के लगातार या बार–बार सपूयता के कारण होता है ।

नैदानिक प्रस्तुतीकरण, बिना विकलांगता वाले सामान्य चिरकालिक श्वसनीशोथ से लेकर चिरकालिक श्वास रूक जाने वाली गंभीर विकलांगता की स्थिति तक अनेक प्रकार के होते हैं । सुनियोजित नियंत्रण के बावजूद प्रमुख श्वसनीशोथ वाले रोगी श्वास रूक जाने की अनेक ऐसी घटनाओं का अनुभव कर सकते हैं जहां से उचित थेरेपी से प्रायः स्वास्थ्य लाभ हो जाता है ।

परिषद् ने, चिरकालिक श्वसनीशोथ वाले रोगियों पर होम्योपैथिक औषधियों का प्रभाव देखने के लिए एक अध्ययन आरंभ किया था । परिणामों ने दर्शाया कि चिरकालिक श्वसनीशोथ के नैदानिक नियंत्रण में होम्योपैथिक

औषधियां उपयोगी हैं । तथापि चूंकि चिरकालिक श्वसनीशोथ के नियंत्रण में उपयोगी होम्योपैथिक औषधियों का एक समूह तैयार करने पर बल दिया गया था, इसलिए किए गए प्रेक्षण, विषयपरक सुधार के बारे में थे और वह प्रयोगशाला के मूल्यांकन पर आधारित नहीं थे ।

परिणामों ने, परिणामों के मूल्यांकन के लिए पहचान की गई औषधियों और पूरे विश्व में अपनाए गए मानदंडों के साथ एक विस्तृत अध्ययन को प्रेरित किया ।

अध्ययन में नामांकित किए जाने वाले रोगियों की संख्या	:	1050 रोगी (प्रत्येक केन्द्र में 75 रोगी प्रतिवर्ष)
अध्ययन की अवधि	:	4 वर्ष और 1 महीना (अध्ययन के लिए 2 वर्ष + 2 वर्ष + अनुवर्तन के लिए 2 वर्ष + रिपोर्ट तैयार करने के लिए 1 महीना)

उद्देश्य

मुख्य

चिरकालिक श्वसनीशोथ के नियंत्रण में निम्नलिखत होम्योपैथिक औषधियों की चिकित्सीय प्रभावोत्पादकता निर्धारित करना :

1. स्टैनम मेटालिकम
2. हिपर सल्फ्यूरिकम
3. आर्सेनिकम एल्बम
4. इपिकाकुअन्हा
5. फास्फोरस
6. ब्रायोनिया एल्बा.
7. लाइकोपोडियम क्लेवेटम
8. कास्टिकम
9. पल्साटिल्ला नाइग्रिकम
10. एण्टिमोनियम टार्टेरिकम
11. कल्केरिया कार्बोनिका
12. कार्बो वेज.
13. सल्फर
14. साइलीशिया
15. डल्कामारा
16. स्पाँजिया टोस्टा
17. ड्रासेरा रोटनडिफोलिया
18. सिनकोना आफिसिनैलिस

गौण

इस्तेमाल की गई औषधियों के विशिष्ट रोगलक्षण निर्धारित करना और उनका सत्यापन करना ।
